इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -212 | राजनांदगांव, बुधवार 19 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....

गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

## मोदी जीत के बाद पहली बार वाराणसी में, किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में एक मंच से मंगलवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी की और किसानों की भलाई के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। किसान सम्मान निधि की इस किस्त के माध्यम से देश भर में नौ करोड़ 26 लाख 67 हजार 496 किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गयी। इस तरह अब तक इस योजना से किसानों को 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निधि दी जा चुकी है।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ऐतिहासिक जीत के साथ लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद श्री मोदी की आज यह अपने निर्वाचन क्षेत्र की पहला दौरा है।



इस अवसर पर उन्होंने यहां विशेष रूप से आयोजित पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबा कर किसानों के खाते में योजना की 2000-2000 रुपये की किस्त जारी की। श्री मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।÷ कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आज से उत्तर प्रदेश तथा बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने वाराणसी प्रवास में प्रधानमंत्री ने 30,000 से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए। श्री मोदी वाराणसी में आज शाम सात बजे दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भाग ले रहे हैं। वह रात आठ बजे काशी विश?वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन भी करेंगे। श्री मोदी बुधवार को बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का उद्घाटन करेंगे।

## नीट में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उचित समय पर उचित कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अनियमितताओं के आरोपों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 रद्द कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली एक याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा, ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं।

शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा, एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो 'हाँ' कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है। शीर्ष अदालत ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोप लगाने वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, वह (एनटीए) इस मामले में आत्ममंथन करें। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें। पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनवर ढेबर को अरेस्ट करने पहुंची यूपी पुलिस रायपुर में जेल से बाहर निकलते ही पकड़ा; समर्थकों और पुलिसकर्मियों में धक्का-मुक्की

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2000 करोड से अधिक के शराब घोटाले मामले में जेल में बंद आरोपी अनवर ढेबर और अरुण पति त्रिपाठी के प्रोडक्शन वारंट के लिए यूपी पुलिस रायपुर जेल से लेकर कोर्ट तक जूझती दिखी। मिली जानकारी के मुताबिक वहीं बिलासपुर हाईकोर्ट से राहत मिलते ही रिहाई की उम्मीद में बैठे अनवर ढेबर और उनके परिवार वालों को तब झटका लगा। जब यूपी पुलिस की टीम उसका प्रोडक्शन वारंट लेकर गिरफ्तार करने पहुंची।

एसीबी कोर्ट ने अनवर ढेबर को रिहाई आदेश जारी कर दिए। आबकारी मामले के आरोपी अनवर ढेबर और अरुणपति



त्रिपाठी को यूपी पुलिस अपने साथ नोएडा ले जाने के लिए रायपुर पहुंची। बता दें कि आरोपी अनवर ढेबर को यूपी और छत्तीसगढ़ पुलिस एंबुलेंस समेत सिविल लाइन थाने लेकर पहुंची है। बता दें कि यूपी पुलिस की एक टीम आज मंगलवार की सुबह रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची और प्रोडक्शन वारंट पेश कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जद्दोजहत करते नजर आई।

### 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी

इन आरोपियों की मेरठ में नकली होलोग्राम बनाने के मामले में 19 जून यानी कल बुधवार को पेशी है। जिसमें पहले से ही इनका एक साथी विधु गुप्ता पहले से ही इसी मामले में यूपी की जेल में बंद है। इडी द्वारा दर्ज नई ईसीआईआर पर कस्टोडियल रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट लगाए प्रोडेक्शन वारंट पर दोनों पक्षों में हुई। वहीं बहस के बाद कोर्ट ने विधि अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बता दें कि ईडी कोर्ट ने देर शाम यह फैसला सुनाया। अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह समेत त्रिलोक सिंह ढिल्लो को कस्टोडियल रिमांड पर लेने के लिए ईडी ने प्रोडेक्शन वारंट लगाया था। वहीं इस मामले के मुख्या आरोपी माने जा रहे अनवर ढेबर और अरुण पति त्रिपाठी को पूछताछ के लिए यूपी ले जाने की उत्तरप्रदेश पुलिस की कवायद लगभग एक महीने से जारी है।

## मंत्री से मिलने के लिए अफसर-कर्मचारियों को लेना होगा अपॉइंटमेंट : परमिशन के बिना आए तो होगी कार्रवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए नया आदेश जारी किया है। जिसके तहत कर्मचारी- अधिकारी बिना अपॉइंटमेंट लिए मंत्री या सीनियर अधिकारियों से मिलने नहीं जा सकते हैं। यदि वे बिना अपॉइंटमेंट के जाते हैं तो उस पर विभाग सख्त कार्यवाही करेगा।सामान्य प्रशासन विभाग ने बाकायदा इसके लिए निर्देश जारी किया हैं।

### बिना अनुमति ना आएं मंत्रालय

विभाग की ओर से जारी आदेश में लिखा गया है कि, कई मामलों में ये देखने को मिल रहा है कि, व्यक्तिगत समस्या लेकर मंत्रालय में मिलने आते है। जबकि उनकी समस्या का समाधान विभागाध्यक्ष कार्यालय या जिला कार्यालय के स्तर से ही किया जा सकता है। फॉओ-अप भी उसी कार्यालय से होगा। इसके लिए कर्मचारियों को मंत्रालय आने या किसी



सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश

को भेजने की जरुरत नहीं होगी।

### लिखित आवेदन देने के बाद ही आएं

विभाग के आदेश में आगे लिखा है कि, कई दिनों से ये भी देखने में आया है कि विभागीय मंत्री और सीनियर अफसरों के पास अधिकारी कर्मचारी बिना किसी परमिशन के उनसे मिलने जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों का अनुशासन तो प्रभावित होता ही है साथ ही में संबंधित कर्मचारी काम की जगह पर प्रभाव प?ता है। विभाग की ओर से जारी आदेश में लिखा है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी को विभागीय मंत्री या सीनियर अफसरों से मुलाकात करनी है तो वो 'उचित माध्यम से' विभागीय चैनल के जरिए अनुमति ले और उसके बाद ही मिलने जाए। लिखित में आवेदन दें और मिले हुए समय के अनुसार ही मिलने पहुंचे।

### बिना अनुमति आये तो होगी कार्रवाई

विभाग की ओर से निर्देश को ना मनाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की बात कही है। विभाग की ओर से कहा गया है कि, बिना अनुमति के मिलने गए अधिकारी कमर्चारियों की इस प्रकार की उपस्थिति प्रसिविल सेवा नियम 1965 के नियम 21 के अंतगत कदाचरण मानी जाएगी और संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

## लोगों को जगाना है सिकलसेल को भगाना है - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विश्व सिकलसेल दिवस पर लोगों को जगाना है और छत्तीसगढ से सिकलसेल एनीमिया को भगाना है। प्रदेश के 33 जिलों के 33 हजार हितग्राहियों को सिकलसेल के लिए चिन्हित किया गया है। प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, छात्रावास-आश्रमों तथा आवासीय विद्यालयों में भी सिकलसेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन 19 जून को किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन राजधानी रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 19 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा।



○ आज राज्य स्तरीय आयोजन रायपुर के चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में
○ प्रदेश के 33 जिले के 33 हजार हितग्राहियों का चिन्हांकन

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर 19 जून को राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर जागरूकता शिविरों और सिकलसेल परीक्षण का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोल कारोबारी और रोड कांस्ट्रेक्टर की हत्या की सुपारी लेने वाले गैंगेस्टर अमन साहू को लाने कोर्ट से मिली मंजूरी

रायपुर (दावा)। राजधानी में कोल कारोबारी और रोड कांस्ट्रेक्टर की हत्या की सुपारी लेने वाले गैंगेस्टर अमन साहू को रायपुर कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट में लाने मंजूरी मिल गई है। हालांकि रांची की कोर्ट से अनुमति के बाद भी अमन साहू को लाया जा सकेगा। सुरक्षा भी बड़ा सवाल होगा। ऐसे में रायपुर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। अमन साहू रांची जेल में बंद है।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 26 मई को कोल कारोबारी और रोड कांट्रेक्टर की हत्या करने की मंशा से रायपुर पहुंचे राजस्थान और झारखंड के चार शूटरों को पुलिस ने तीन दिन चले खुफिया आपरेशन के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पिस्टल



○ रांची जेल में बंद है आरोपित गैंगेस्टर अमन साहू, गैंगस्टर को लाने कोर्ट से मिली अनुमति
○ वहां की कोर्ट से अनुमति के बाद लाया जाएगा रायपुर

उपलब्ध करवाने वाले को भी बडवानी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में शूटरों ने बताया कि उनका संबंध रांची जेल में बंद गैंगस्टर अमन के साथ है। जो मलेशिया में बैठे इंटरनेशनल गैंगस्टर मयंक सिंह के कहने पर कारोबारियों की हत्या करने सुपारी ली है।

### हत्या के बाद कितने पैसे मिलने थे राजफाश नहीं

हत्या करने आए जिन चार शूटरों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों को रांची जेल में बंद अमन ने 25 लाख रुपये में सुपारी दी थी। मयंक के कहने पर अमन शूटरों को 25 लाख में सुपारी दी थी। लेकिन कारोबारियों की हत्या करने अमन के साथ कितने में डील हुई है इसका राजफाश नहीं हुआ है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री साय दिखे किसान की भूमिका में

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ राज्य की कमान संभालने के साथ-साथ अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी संभाल रहे हैं। उन्होंने आज अपने गृह ग्राम बगिया में मानसून की आहट को देखते हुए पुश्तैनी खेतों में खेती-किसानी की शुरूआत की। उन्होंने स्वयं एक किसान की तरह धान की बोनी कर परंपरा का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने परंपरा के मुताबिक पांच बार बीजों को अपने हाथों में लेकर खेतों में बिखरा दिया, इसके बाद परिवारजनों ने भी उनका अनुसरण किया।

खेती-किसानी को लेकर जशपुर, सरगुजा अंचल के किसानों में ऐसी परंपरा है, जिसमें परिवार के लोग मुखिया के साथ धान की बोनी की रस्म निभाते हैं।



○ बगिया में अपने खेतों में बीज का छिडकाव कर खेती-किसानी का किया शुभारंभ
○ अच्छी उपज की कामना के लिए खेतों की पूजा-अर्चना कर किया बीज छिड़काव

मुख्यमंत्री खेती-किसानी का पारंपरिक परिधान पहनकर खेतों में नजर आए। उन्होंने पगड़ी लगाई और पारंपरिक वस्त्र पहना इसके बाद टोकरी में धान बीज रखे और इनकी पूजा की गई। उल्लेखनीय है कि फसल की समृद्धि की कामना के लिए बीज छिड़कने के पूर्व यह रस्म जशपुर-सरगुजा क्षेत्र में की जाती है।

छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है प्रदेश का हर किसान खेती किसानी की तैयारियों में जुट गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में बेहतर खरीफ फसल के लिए बीते दिनों कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री किसानों के सरोकार रखते हैं चूकि वे हमेशा खेती-किसानी से जुड़े रहे हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## 40 साल बाद आखिर क्यों हुआ कांग्रेस से मोहभंग? विधायक किरण चौधरी ने इस्तीफे में बताई ये बड़ी वजह

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी ने कांग्रेस पार्टी का हाथ छोड़ दिया है। कांग्रेस नेता किरण चौधरी ने अपनी बेटी श्रुति के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। दोनों मां और बेटी के भाजपा में शामिल होने की खबरें भी सामने आ रही हैं।

### पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप

किरण ने त्यागपत्र सौंपते हुए पार्टी पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने लिखा कि मैं पिछले चार दशकों से कांग्रेस पार्टी की एक वफादार और दृढ़ सदस्य रही हूं। साथ ही इन सालों में मैंने अपना जीवन पार्टी और उन लोगों के लिए समर्पित कर दिया है जिनका मैं



प्रतिनिधित्व करती हूं।

### किरण ने पूर्व सीएम बंशीलाल का भी किया जिक्र

किरण ने आगे लिखा कि आधुनिक हरियाणा के निर्माता बंशीलाल और मेरे दिवंगत पति चौ. सुरेंद्र सिंह की समृद्ध विरासत की भी प्रतिनिधित्व करती हूं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को व्यक्तिगत जागीर के रूप में चलाया जा रहा है। किरण ने कहा कि पार्टी में मेरे जैसी ईमानदार आवाजों के लिए कोई जगह नहीं है। मेरी आवाज को दबाकर मुझे अपमानित किया गया है। लोगों का प्रतिनिधित्व करने और मूल्यों को बनाए रखने के लिए मेरे मेहनती प्रयासों में बाधा उत्पन्न की जा रही है। आगे कहा कि मेरा लक्ष्य और उद्देश्य हमेशा राज्य और देश के लोगों की सेवा करना रहा है। अब मैं ऐसी बाधाओं के तहत काम करने में असमर्थ हूं।

### श्रुति चौधरी ने कांग्रेस को बताया स्वार्थी

श्रुति चौधरी ने भी अपने इस्तीफे में हरियाणा कांग्रेस पर दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाते हुए त्यागपत्र दिया। श्रुति ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी स्वार्थी हो गई है और मैं अपने हितों से समझौता नहीं कर सकती। इसलिए अब मेरे लिए आगे बढ़ने का समय है ताकि मैं अपने लोगों के हितों को बनाए रख सकूं।

## देश भर में 41 हवाईअड्डों और कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षाकर्मियों को किया गया अलर्ट

नई दिल्ली। देश के 41 हवाईअड्डों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच के बाद उनमें से प्रत्येक को अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे मिला, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क किया गया। इसके बाद सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

ईमेल भेजने वाले ने कहा कि हवाई अड्डे पर बम लगाए गए हैं, और वे कभी भी फट सकते हैं। आप सभी मर जाएंगे।



हवाईअड्डों को मिले ईमेल के बाद जांच में इसे अफवाह घोषित किया गया, ईमेल के पीछे केएनआर नामक एक ऑनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह

अधिकारियों ने बताया कि इन फर्जी धमकी भरे ईमेल के पीछे केएनआर नामक एक आनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि समूह ने एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ईमेल जारी किए थे।

### हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया

सूत्रों ने कहा कि सभी हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया और यात्रियों की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# प्रदेश की भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल: कांग्रेस

## शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित

राजनांदगांव(दावा)। बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ में संतोषप्रद कार्यवाही न होने के चलते सामाजिक संगठन द्वारा निकाली रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से जिला कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में हुई आगजनी से सैकड़ों दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार में घटित उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 18 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर की उपस्थिति, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार 18 जून को महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को जमकर कोसा व निंदा की। कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि संतों को मानने वाले समाज सतनामी समाज के जैतखांम को तोड़ा गया है उन आरोपियों पर कार्यवाही कर अपना न्याय मांग रहे थे, किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार कोई कार्यवाही न कर निर्दोष ग्रामीणों को फंसाया गया जिस पर समाज द्वारा आक्रोशित होकर धरना-प्रदर्शन किए किन्तु वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड कर नुकसान पहुंचाया गया। श्रीमती चंद्राकर ने सरकार पर सवाल पूछते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन करने वाली भीड़ जब कलेक्टोरेट में आ रही थी तो पुलिस प्रशासन क्या कर रही थी। जब प्रदर्शन उग्र हो रहा था तो भीड़ को रोकने के बजाए पुलिस अफसर हाथ में हाथ धरे क्या कर रहे थे।



पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि सतनामी समाज हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है। गुरू घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान का अक्षरशः पालन करता रहा है। समानता और शांति का संदेश देने वाले पवित्र गिरौधपुरी धाम में जैतखांम को खंडित करना और उस पर प्रशासनिक एवं पुलिस की उचित कार्यवाहीं नहीं होने के कारण सम्मेलन का आयोजन किया गया था इसकी आड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा यह घृणित कृत्य किया गया। हम किसी भी प्रकार के हिंसा के खिलाफ है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि छग में भाजपा की सरकार आते ही छग के इतिहास में पहली बार इस तरह की घटना घटी है, सतनामी समाज शांति एवं अहिसा के पक्षधर समाज है शांति के प्रतीक है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया जिसके कारण सम्मेलन की आड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ व आगजनी की गई। हम इसकी उचित न्याय की मांग करते है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने धरना-प्रदर्शन में प्रदेश की विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अदूरदर्शिता, लापरवाही और नाकामी का परिणाम है कि बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी के जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ में संतोषप्रद कार्यवाही नहीं हो पाना। बीते 15 मई को हुई इस घटना के समय जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो इस तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आती। इस घटना पर प्रदेश सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया और देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर कार्यालय व एसपी कार्यालय को जला दिया गया, यह घटना प्रदेश के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। जिसकी हम घोर निंदा करते है।

धरना-प्रदर्शन को डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, पूर्व विधायक छन्नी साहू, पदम कोठारी, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, पंकज बांधव, महेन्द्र यादव, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, सूर्यकांत खिलारी, गोपीचंद गायगवाड़, निखिल खिचरिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सिद्धार्थ डोंगरे, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अभिमन्यु मिश्रा, अजय मारकंडे, जयनारायण सिंह, सचिन टूरहाटे, संजय साहू, सुरेन्द्र देवांगन, नरेन्द्र भारती, सुदेश मेश्राम, पूर्णिमा नागदेवे, खिलेश्वर पाल, मदन साहू, ने संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, हनी ग्रेवाल, मोहनी सिन्हा, ज्योति शर्मा, रमेश खंडेलवाल, नासिर जिंदरान, पार्षद दुलारी साहू, मनीष साहू, अजय छेदैया, सचिन चौरसिया, रोहित चंद्राकर, चेतन सिन्हा, योगेन्द्र दास वैष्णव, नीरज कन्नौजे, फरमान अली, प्रतिमा बंजारे, अब्दुल कादिर कुरैशी, यादोराव भिमटे, अतुल शर्मा, मनीष गौतम, अब्बास खान, भोला यादव, भरत सोनी, गंगाबाई, पंकज गुप्ता, चेतनदास साहू, घासी सिन्हा, विलयम बंसोड, मयंक सोनी, किरण मेश्राम, सुनील पिल्ले, राहुल देवांगन, संदीप जायसवाल, शैलेश रामटेके, सागर ताम्रकार, हितेश गोन्नाडे, मामराज अग्रवाल, नारायण सोनी, सुरेन्द्र तिवारी, मो इशांक खान, राजा यादव, चुम्मन निषाद, दीनाराम सोनकर, विनोद गुप्ता, मो इब्राहिम, अमन साहू, प्रियेश मेश्राम, राहुल गजभिए, जितेन्द्र सिन्हा, विनोद यादव, सुरेश सिन्हा, रूपेश साहू, विजय कुमार, प्रवीण मेश्राम, दुर्गेश द्विवेदी, राजू सिंह राजपूत, सुरेन्द्र गजभिए, कमलदास मानिकपुरी, टकेश्वर साहू, बिसंभर साहू, प्रकाश ठाकुर, मूलचंद, रतन यादव, रमेश मंडावी, लोकेश गंगवीर, दीनू साहू, धर्मेन्द्र साहू, नासिर खां, कुंभदास जोशी, लेखूराम देवांगन, मिथलेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया।

## पहला कॉलम...

### अमोनियम सल्फेट उर्वरक अमानक स्तर का पाए जाने पर भण्डारण व वितरण एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से लगाई गई रोक

राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) नागेश्वर लाल पाण्डे ने अमोनियम सल्फेट उर्वरक अमानक स्तर का पाए जाने पर भण्डारण व वितरण एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि गुजरात स्टेट फर्टिलाईजर एण्ड केमिकल लिमिटेड बड़ोदरा गुजरात द्वारा निर्मित उर्वरक अमोनियम सल्फेट को विक्रेता अरोरा एग्रीटेक डोंगरगढ़ से उर्वरक का नमूना विश्लेषण के लिए उप संचालक कृषि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर भेजा गया था। प्रयोगशाला द्वारा विश्लेषण में उर्वरक नमूना अमानक स्तर का पाया गया।

### आज आभार रैली में शामिल होंगे झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि राजनांदगांव में आज 19 जून बुधवार दोपहर 3 बजे को होने वाले आभार रैली कार्यक्रम में समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के शामिल होने की अपील की है। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 57 हजार से भी अधिक मतों से हराया है। इसी का धन्यवाद देने के लिए भाजपा के सांसद संतोष पांडे आभार रैली के रूप में धन्यवाद करेंगे। समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की उपस्थिति अनिवार्य है। रैली गंज चौक से प्रारंभ होकर के शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए गुरुद्वारा चौक में समापन होगी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 21 जून से वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह मई का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 जून से 10 जुलाई तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 जून को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 24 जून को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांति नगर में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह मई 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th June To 20th June 2024
silver SCREEN


Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00 06:00 and 09:15 pm
Chandu Champion- 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Munjya - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## आज कबीर आश्रम लखोली में कार्यक्रम में सुलक्षणा माता साहिब का आगमन

राजनांदगांव (दावा)। सदगुरु कबीर प्रकट दिवस के अवसर पर सदगुरु कबीर आश्रम लखोली में कार्यक्रम का शुभारंभ दामाखेड़ा से पधारे राजू दास साहेब के द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाएगा। तत्पश्चात सुबह गुरु महिमा पाठ एवं शहर में कलश शोभायात्रा निकल जाएगी, जिसमें कबीर पंथ समाज के संत जन बड़ी संख्या में पधारेंगे।



पंथ हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब, पंथ उदित मुनि नाम साहब एवं गुरु गोसाई डॉ. भानुप्रताप साहब की दया से सदगुरु कबीर प्रकट उत्सव जिला समिति राजनांदगांव कबीर आश्रम लखोली के तत्वाधान में परम पूजनीय सुलक्षणा माता साहिबा के सानिध्य में शुभ वचन व भेंट बंदगी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें माता साहिब का आगमन दोपहर 2:00 बजे होगा।

यह आयोजन कबीर पंथ समाज व सभी धर्म अनुरागी, सेवक सती को परम सौभाग्य प्राप्त होगा। साथ ही दामाखेड़ा से पधारे महंत राजू दास साहेब के कर कमल से सदगुरु कबीर आश्रम लखोली में आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम शाम को रखा गया है। साथ ही जिन श्रद्धालुओं को दीप प्रज्वलित करना चाहे तो इस शुभ अवसर के पावन बेला में लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह आयोजन समस्त जिला कबीर पंथ समाज राजनंदगांव के तत्व धान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी जिला कबीर पंथ समाज के मीडिया प्रभारी लुमन दास साहू ने दी है।

उन्होंने यह भी बताया कि यह आयोजन राजनांदगांव जिले पूरे कबीर पंथ समाज के द्वारा सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव मनाने के लिए बड़ी संख्या में कबीरपंथी समाज उपस्थित होंगे। सदगुरु कबीर प्रकट उत्सव जिला समिति के समस्त महंत व संरक्षक गुहा दास साहेब, लिलदास साहेब, अमर दास साहेब एवं जिला समिति के समस्या पदाधिकारी अध्यक्ष आवास सदस्यगण के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है।

## शांति नगर में 22 जून को धूमधाम से मनेगा कबीर प्राकट्य समारोह

### सामाजिक भवन का लोकार्पण भी, मानिकपुरी समाज का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। मानिकपुरी(पनिका) समाज शहर इकाई राजनांदगांव एवं आमिन माता महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस 22 जून शनिवार को शांति नगर स्थित सद्गुरु कबीर सामुदायिक भवन में समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर पर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया जायेगा।

समाज के युवा ब्रिगेड अध्यक्ष पूरनदास, उपाध्यक्ष धनेश्वर दास, कोषाध्यक्ष मनीष दास एवं सचिव ओम मानिकपुरी ने बताया कि समारोह का शुभारंभ प्रातः आठ बजे महंत भीखमदास (दीवानटोला) एवं दीवान धनेश्वरदास (बजरंगपुर नवागांव) द्वारा निशान पूजा एवं गुरु महिमा पाठ से होगा। तत्पश्चात् पूर्वान्ह 11 बजे महंत अमरदास मोंगरे (हालेकोसा छुरिया) एवं उनकी टीम द्वारा सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना के साथ सात्विक यज्ञ चौका आरती, भजन कीर्तन एवं प्रवचन किया जायेगा। संध्या चार बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। साथ ही अतिथियों द्वारा महापौर निधि से गर्वमेंट प्रेस के पीछे नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व सांसद मधुसुदन यादव, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिव वर्मा एवं वार्ड पार्षद पूर्णिमा नागदेवे एवं अरविंद वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम का समापन संध्या सात बजे प्रसादी वितरण एवं भोजन भंडारा से होगा। समाज के युवा ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीयजनों एवं माता-बहनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### भक्ति मंडल की महिलाओं ने पिलाया शीतल गन्ना रस...



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की अनेक महिलाओं द्वारा भक्ति मंडल के नाम से समिति गठित की गई है, जिनके द्वारा प्रत्येक एकादशी (माह की दोनों एकादशी) को क्रमशः हर सदस्य के निवास में भजन किया जाता है। भक्ति मंडल के द्वारा आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर भदौरिया चौक में राहगीरों को लगभग 1000 गिलास शीतल गन्ना रस पिलाकर सेवा का कार्य किया गया। इस अवसर पर समिति की 22 सदस्य उपस्थित थी।

## कन्या-पूजन व श्राद्ध अर्पण के साथ मनाया गया गंगा दशमी पर्व



### नौ-कन्या भोज सहित दान-पुण्य का बना रहा माहौल

राजनांदगांव (दावा)। जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व स्नान-ध्यान व दान पूण्य के कार्यों के साथ मनाया गया। इस दिन पतित पावनी मां गंगा का उद्भव दिवस होने के कारण देहावसित जनों का विधी-विधान के साथ श्राद्ध कर्म भी सम्पन्न किया गया। वहीं कई जगह नौ- कन्या भोज भी आयोजित रही। इस दिन समाज सेवी जनों द्वारा शहर में गंगाजल मिश्रित शीतल पेयजल व शर्बत का वितरण किया गया वहीं मंदिरों में गंगा पूजन सहित अन्य अनुष्ठानिक आयोजन सम्पन्न किए गए।

#### कन्या पूजन व भोज

शहर के बसंतपुर स्थिति भवानी नगर में समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी के निवास स्थान में कन्या पूजन सहित श्राद्ध पूजन कर्म का आयोजन किया गया, जिसमें भानपुरी से पधारे संत महराज सहित पंडित मोहन शास्त्री द्वारा पतित पावनी मां गंगा की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन- अर्चन उपरांत श्रीमती तिवारी के स्वर्गीय पति का विधि- विधान के साथ श्राद्ध कर्म सम्पन्न किया गया। इस दौरान श्रीमती तिवारी की सुपुत्री रचना मिश्र सहित उनके घर-परिवार के लोगों व समाजसेवी महिलाओं ने नौ-कन्या पूजन कर उन्हें भर पेट भोजन जिमाया और उन्हें दान-दक्षिणा प्रदान कर खुशी-खुशी विदा किया। गंगा दशहरा के दिन पतित पावनी मां गंगा सहित शिव पंचायतन परिवार की पूजा आराधना के इस अनुष्ठानिक आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही। जिनके लिए भोजन-प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित रहा।

## आंधी-तूफान में बाधित विद्युत आपूर्ति को कड़ी मेहनत से विद्युत कर्मियों ने किया बहाल

राजनांदगांव (दावा)। मौसम में आये बदलाव के कारण गत दिनों मानपुर, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ एवं राजनांदगांव में आये आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण तंत्र को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। तूफान की प्रचंडता के कारण अनेक स्थानों पर दर्जनों पेड़ विद्युत लाइनों के उपर गिर गए थे एवं सैकड़ों डंगाले विद्युत लाइन के तारों में फंस गई थी, जिसके कारण बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को दूर करने के लिए विद्युत कर्मियों ने कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों से यथासंभव जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। इसके अनुपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा एम.डी. पारेषण एवं वितरण राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। बीते दिनों में मानपुर, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ एवं राजनांदगांव में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए तो विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। हवा के तेज वेग का प्रभाव इतना प्रचंड था सिर्फ राजनांदगांव के ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के कारण ट्रांसफार्मर, डी.पी., 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों के 41 से अधिक खंभे पूरी तरह से टूट गए, दो से तीन स्थानों पर वितरण ट्रांसफार्मर भी विफल हुए एवं अनेक स्थानों में बिजली लाइन के तार भी बुरी तरह से टूट गए। विद्युत वितरण तंत्रों में हुई टूट फूट के कारण अनेक स्थानों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैद विद्युत कर्मियों द्वारा जंपर काटकर आइसोलेट किया गया एवं यथासंभव सुरक्षित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति चंद घंटों में ही बहाल कर दी गई। प्रभावित क्षेत्रों में भारी पेड़ों की डंगाले काटकर विद्युत तारों को निकाला गया एवं आवश्यकतानुसार नये खंभे गड़ाकर 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों को जल्द ही दुरुस्त किया गया।

विद्युत कंपनी के उच्च अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की सहायता से अतिरिक्त गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफ कॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर सीमित समयसीमा में दुरुस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोन एवं उपसंभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री द्वारा अपने साथ एक-एक तकनीकी कर्मचारी को लेकर अलग-अलग लाइनों में विद्युत व्यवधान को दूर किया गया। ज्यादातर उपभोक्ताओं को 2-3 घंटे में ही राहत मिल गई थी, वहीं बड़े फॉल्ट को भी रात्रि 12 बजे तक ठीक कर दिया गया। तूफान की भारी तबाही से प्रभावित विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लगे विद्युत कर्मियों को प्रभावित स्थलों के रहवासियों द्वारा संयमित रहकर सहयोग किया गया, जिसके कारण इस आंधी-तूफान में हुए भारी तबाही के कार्य को बेहद व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से पूर्ण किया जा सका।

### आपदा प्रबंधन में विद्युत कर्मियों को सहयोग करने की अपील

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण तथा वितरण कंपनी के एम.डी. राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने जनता से यह अपील की है कि किसी भी स्थान पर ऐसी परिस्थितियों में धैर्य रखें क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने आम जनता से निवेदन किया है कि आपदा से निपटने तथा विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में विद्युत कर्मियों को सहयोग प्रदान करें।

विद्युत संचालन-संधारण की कार्य दशाओं और विपरीत मौसम में होने वाले जोखिम को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के लिए उनका मनोबल बना रहे। विद्युत का पारेषण तथा वितरण तंत्र खुले में रहता है, जिसके कारण इस पर प्राकृतिक आपदा का, तेज आँधी-तूफान, बिजली चमकने-गिरने, बहुत तेज बारिश होने का असर होता है। बिजली के करंट से जनहानि बचाने के लिए ऑटोमेटिक ट्रिपिंग की व्यवस्था भी होती है इसलिए ऐसे समय में विद्युत उपभोक्ताओं का धैर्य ही सुधार कार्य करने वालों का संबल होता है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-7-0
480-2 140-5

राजधानी
1-4-7
134-8 348-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-05**

ज्ञा.क्रं. 892 / व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25 दुर्ग, दिनांक 14/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | Construction of badminton court at Govt. High school Fekari | 11.06 |
| 2 | Construction of toilet at Govt. primary School Achanakpur | 9.84 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 14/06/2024 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28/06/2024 है।

जी -242500372/1

कार्यकालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग

# एक बार फिर मानसून की दगाबाजी सामने आई, कमजोर पड़ा सिस्टम

## बार-बार बिजली गुल से लोगों की बढ़ी परेशानी, उमस से जूझ रहे लोग

## हवा-तूफान व बादलों की गर्जना का बना माहौल... लेकिन मानसूनी बारिश नदारत



राजनांदगांव(दावा)। 8 जून को बस्तर के निकट पहुंच चुका मानसून न जाने कैसे फिर वापिस हो गया इससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बता दे कि 8 जून के बाद मौसम विभाग ने 13 से 15 जून तक प्रदेश में मानसून के जोरदार दस्तक देने की बात कही थी किन्तु इस बार भी मानसून दगा दे गया। आज 19 जून होने जा रहा है लेकिन मानसून का कही ओर छोर नजर नहीं आ रहा। केवल प्री-मानसून की छिटपुट बारिश हो जा रही है। इससे चिपचिपी गर्मी व उमस का वातावरण निर्मित हो जा रहा है।

श्रेष्ठ मास के अंतिम में केवल हवा-तूफान का जोर व बादलों की गड़-गड़ाहट के साथ कही वज्रपात होने से लोगों की जान-माल की क्षति हो रही है। कही तेज हवा चलने के कारण छप्पर उड़ जा रहे है तो कही पेड़ों की टहनिया गिरने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। आलम यह है कि बारिश नहीं होने से गर्मी से उबल रहे लोगों को जून के दूसरे पखवाड़े में भी राहत नहीं मिल पा रही है।

### बार-बार बिजली गुल

हालांकि मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है इसके पीछे सिस्टम का कमजोर होना बताया जा रहा है। लेकिन हवा-तूफान व बादलों की गड़गड़ाहट की स्थिति बनी हुई है। इससे जरा भी हवा-तूफान चलने बार-बार बिजली गुल होने का रोना शुरू हो गया है। सोमवार की दोपहर में तेज आंधी चली और गर्जना भी हुई पर एक बूंद पानी नहीं बरसा लेकिन बिजली का रोना शुरू हो गया।

बिजली विभाग वाले पिछले पखवाड़े भर से बार-बार बिजली बंद कर लोगों को परेशानी में डाल रहे है। जेष्ठ माह की भीषण गर्मी के हालात ऐसे है कि पंखे-कुलर, एसी भी साथ नहीं दे पा रहे है ऐसी स्थिति में विद्युत विभाग का बार-बार बिजली बंद करना लोगों को पसीने से तरबतर किए दे रहा है। शहर के आउटर इलाके में पटरी पार सहित अन्य क्षेत्र रात्रि में बिजली कटौती होने से सबसे ज्यादा परेशानहै। लोगों का कहना है कि मेंटनेस के बाद भी बिजली कटौती क्यों की जा रही है। बता दे कि तीन चार दिन पहले पार्रीनाला क्षेत्र के सब स्टेशन में फाल्ट आने के कारण घंटो बिजली बंद रही। पटरी पार क्षेत्र स्टेशन पारा में बिजली कटौती को लेकर हंगामा हो चुका है। सोमवार को नंदई क्षेत्र में 11 केवी के तार टूट कर गिर गया। इसी तरह भदौरिया चौक के पास फ्लैक्स का टूकड़ा विद्युत तार में फंस जाने से इस क्षेत्र की सप्लाई बंद हो गई। जिससे गर्मी से जूझ रहे लोग परेशान रहा। तार टूटने व विद्युत सप्लाई बंद होने से फाल्ट ढूढने विद्युत कर्मी आए जरूर लेकिन उन्हें रात में फाल्ट ढूढने में काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### देरी से पहुंचेगा मानसून

बता दे कि बस्तर के कुछ इलाके में दस्तक देने के बाद मानसून थम गया है। हालांकि प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है इससे दिन का तापमान कम होने का दौर शुरू हो गया है लेकिन इतना कम नहीं कि लोगों को भीषण गर्मी से छुटकारा दिला सके। तापमान का पारा 40 सेंटीग्रेड डिग्री से उपर जा रहा है। मानसून विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मानसून की उतरी सीमा महाराष्ट्र के नवसारी जलगांव, अमरावती, चन्द्रपुर, बस्तर क्षेत्र के बीजापुर, सुकमा व अन्य क्षेत्रों में मलखानगिरी, विजया नगरम और इस्लामपुर है।

मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितिया बनी हुई है। मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि अगले चार-पाच दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहुचने की संभावना है। फिलहाल राजनांदगांव में शाम के 6 बजे 10-15 मिनट के लिए हल्की बारिश हुई है वही रायपुर में आधे घंटे तक मूसलाधार बारिश होने के समाचार है। रायगढ़ में भी झमाझम बारिश होने के समाचार मिल रहे है। लेकिन इसे प्री-मानसून का बारिश बताया जा रहा है। वास्तविक वाला मानसून नदारत है। मौसम विभाग इसे चार-पांच दिन बाद आने की संभावना जता रहा है।

# धरना प्रदर्शन और रैली में राजधानी पहुंचे बड़ी संख्या में सहकारी समितियों के कर्मचारी



## तीन सूत्रीय मांग को लेकर की आवाज बुलंद... धरना- प्रदर्शन सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा मंगलवार 18 जून को राजधानी रायपुर में अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन व हड़ताल में राजनांदगांव जिले सहित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला व खैरागढ़ छुईखदान- गंडई जिले के समस्त सहकारी समितियों के बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

संघ के प्रदेश महासचिव एवं राजनांदगांव खैरागढ़, मोहला मानपुर के संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि लगभग 5 हजार की संख्या में उपस्थित संघ के लोगों ने अपनी मांगों के संबंध में संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पहले भी संघ द्वाराअपनी वाजिब मांगों को लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन हड़ताल किया जा चुका हैं। गत दिनों पूरे प्रदेश भर किसानों से समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का जल्द ही उठाव किए जाने व सूखत धान का खामियाजा समिति प्रबंधकों से वसूल नहीं किए जाने के संबंध में धरना प्रदर्शन किया गया था। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष गुहार भी लगाई गई है। इस पर उप मुख्यमंत्री द्वारा अफसरों को निर्देश भी दिया गया है पर अभी भी समिति प्रबंधकों के ऊपर सुखत से उपजे धान का शार्टेज की वसूली का तलवार लटकी हुई है।

### सहकारी कर्मचारियों की मांगें

छ.ग. सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव व तीनों जिले के संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 2058 सहकारी समितियां में कार्यरत सहकारी समिति कर्मचारी अपने तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में राजधानी रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश सरकार की भांति छत्तीसगढ़ के सभी सहकारी समितियां को प्रत्येक वर्ष 5-5 लाख प्रबंधकी अनुदान दिया जाए व धान खरीदी परिवहन सही समय में नहीं होने के कारण धान में आई सूखत की भरपाई सरकार द्वारा किया जाए तथा सेवा नियम 2018 का संशोधन जो लंबित है तत्काल जारी किया जावे।

### किसानों को हो रही परेशानी

श्रीवास ने बताया कि सभी जिले के सहकारी समितियों के हड़ताल में चले जाने के कारण वर्तमान में प्रदेश में चल रही केसीसी ऋण वितरण, खाद बीज, वितरण प्रभावित होगा।

इससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर सहकारी समितियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने खेद व्यक्त की है साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन से सहकारी समिति कर्मचारियों की मांग को पूरा करने की अपील की है ताकि सोसायटियों का काम सुचारू रूप से चल सके।

# भाजपा जांच दल ने अग्निकांड मामले का किया निरीक्षण, बोले- हिंसा भड़काने का षड्यंत्र



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने बलौदाबाजार अग्निकांड मामले की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय जांच दल बलौदाबाजार पहुंचा। जांच दल के संयोजक दयालदास बघेल, सदस्य टंकराम वर्मा, शिवरतन शर्मा, नवीन मार्कण्डेय, रंजना साहू ने गिरौदपुरी से पांच किलोमीटर दूर अमरगुफा (महकोनी) में स्थित जैतखाम के क्षतिग्रस्त किए जाने और जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट व एसपी दफ्तर में हुई आगजनी, तोड़फोड़ और पीड़ितों से मुलाकात की और घटना से जुड़े आवश्यक पहलुओं पर गंभीरता से अध्ययन और संबंधित लोगों से चर्चा की। भाजपा जांच दल ने प्रारंभिक जांच में पाया कि इतनी बड़ी संख्या में दूर-दूर से आए लोगों की आने-जाने और खाने की व्यवस्था में विपक्ष की भी भूमिका है, जो आगे और जांच उपरांत स्पष्ट हो जाएगी।

जांच दल ने यह भी पाया कि अभी तक जो कार्रवाई चल रही है, वह सही दिशा में है। इसके आगे और जो भी पहलू सामने आते जायेंगे, उन पर भी शासन-प्रशासन नजर बनाए हुए हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जांच दल ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो पाए साथ ही जिनका भी व्यक्तिगत नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए अधिकारियों से बात भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्य इस और इशारा कर रहे हैं कि सुनियोजित प्रकार से हिंसा भड़काने का षड्यंत्र रचा गया है। इसके लिए असामाजिक तत्वों का सहारा लिया गया है। जांच दल ने पाया समाज इस षड्यंत्र में उजागर होते चेहरे को पहचान चुका है वह उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# ट्रेन से टकराकर तथा सड़क हादसे में युवक की मौत

## बरगाही में गाज गिरने से दो भैंस मरे

**राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों हल्की-फुल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान व ब्रजपात होने का मौसम बना हुआ है। हल्की-फुल्की बारिश के बीच बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिर रही है। इससे गत दिनों वनांचल क्षेत्र में कुछ लोग इसके चपेट में आ गए थे।**

इसी तरह बरगाही ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने से 2 भैंसों की मौत हो गई। इधर सड़क हादसे में घुमका क्षेत्र के युवक ने दम तोड़ दी। वही ट्रेन से टकराकर एक युवक की मौत हो गई।

### एक्सीडेंट युवक की मौत

घुमका थाना क्षेत्र के गोपालपुर चौक के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों वाहन ने विपरीत दिशा से आ रहे दुपहिया वाहन सवार लोगों को ठोकर मार दी। इससे दुपहिया वाहन चालक चन्द्रकुमार पटेल (25 वर्ष) पिता संतोष की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की बताई जाती है। मृतक चन्द्रकुमार अपने दुपहिया वाहन सीजी-08/एबी 630 से घुमका से अपने गांव छोटे टेमरी आ रहा था। इसी दौरान स्कापियों चालक पुकेश कुमार ग्राम मोहड़ (राज.) ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लाईट के खंबे व दो लोगों को टक्कर मारते हुए चन्द्रकुमार के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इससे चालक 1000 मीटर दूर जा गिरा।

### ट्रेन से टकरा कर मौत

स्थानीय जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाकल रेल्वे स्टेशन यार्ड किलोमीटर 907/3 में अज्ञात 35 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। मृतक का कद 5 फुट 5 ईंच, रंग गोरा, बाल अधपका, दाढ़ी हल्की बढ़ी हुई व भूरे कलर का का लोवर पैन्ट पहना हुआ है।

मृतक की तलाशी लिए जाने पर कोई सामान नहीं मिला जीआरपी पुलिस मृतक के परिजनों की तालाश में जुटी हुई है। जीआरपी हेतु भूपेन्द्र राठौर ने बताया कि अभी तक मृतक के सम्बंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### भैसों की मौत

इधर घुमका क्षेत्र के ही ग्राम बरगाही में घर के सामने बंधे दो भैसों की गाज गिरने से मौत हो गई। भैंस मालिक राम पिता रामाधर साहू की बताई जाती है। भैंसों की मौत के हुई क्षति की मांग चिकित्सालय विभाग से की गई है।

# कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

## कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि सांसद श्री संतोष पाण्डेय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योग अभ्यास किया जाएगा। जिसमें अधिकारियों-कर्मचारियों सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाईड के विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 जून की शाम को योग रिहर्सल किया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, गद्दा, साउण्ड सिस्टम, मेडिकल, पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नये कानूनों से जागरूक कराने के निर्देश दिए



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 1 जुलाई से लागू हो रहे नये आपराधिक कानून की जागरूकता के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नये कानूनों से कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके लिए महाविद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने कहा। जिससे विद्यार्थी एवं जनसामान्य अपने अधिकारों के बारे में जान सकेंगे। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू किया जाएगा। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू किया जाएगा। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया जाएगा।

# आज विश्व सिकलसेल दिवस, सिकलसेल रोग के संबंध में नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

**राजनांदगांव (दावा)। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को जिले में नागरिकों को सिकल सेल रोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा।**




## सिकलसेल के मरीजों के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में हाइड्रोक्सीयूरिया दवाई निःशुल्क उपलब्ध

हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हीमोग्लोबीन) हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं।

सिकल सेल होने पर भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शरीर में दिखाई देने लगते हैं। नागरिक सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क सिकल सेल जांच जरूर करवाएं। सिकल सेल के मरीजों के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में हाइड्रोक्सीयूरिया दवाई निःशुल्क उपलब्ध है। विवाह पूर्व सिकल सेल जांच अवश्य कराना चाहिए। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्ति यों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।

# स्वयंसेवी संस्था उद्याचल द्वारा पौधरोपण के लिए किया जा रहा सीड बाल निर्माण



- बरसात के मौसम में सीड बाल का उपयोग कर अधिक से अधिक किया जाएगा पौधरोपण
- ग्राम बघेरा एवं बोरी में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा जिले में मिशन जल रक्षा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामों में संगोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण, पौधरोपण, धान के बदले कम पानी वाले फसल, स्वच्छता सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बघेरा में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सरपंच, सचिव व गणमान्य नागरिकों द्वारा गांव को स्वच्छ रखने, जल का दुरूपयोग नहीं करने एवं पौधरोपण के सम्बन्ध जानकारी देने के साथ ही प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आरईओ जीतेन्द्र वर्मा, तकनीक सहायक जनपद पंचायत राजनांदगाव गोपीचंद साहू, श्रीमती नीति शर्मा, सरपंच हरीश देशमुख, सचिव मोहन लाल साहू, रोजगार सहायक श्रीमती पार्वती साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छताग्राही, गणमान्य नागरिक, पंचायत कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी में जल सुरक्षा एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषकों को धान के बदले कम पानी वाले अन्य फसल जैसे रागी मक्का, दलहन, तिलहन, कपास लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। स्वयं सेवी संस्था उद्याचल द्वारा पौधरोपण के लिए सीड बाल निर्माण अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से आए सीड बाल बनाने में दक्षता रखने वाले 7 कार्यकर्ता द्वारा उदयाचल में सीड बाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया और 1940 सीड बाल बनाए गए। जल संरक्षण एवं पौधरोपण तहत उदयाचल द्वारा बरसात के मौसम में सीड बाल का उपयोग कर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# निगम स्वामित्व एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों का अनुबंध व किराया जमा करने टाउन हाल में शिविर



## दुकानों के अनुबंध कराने एवं किराया जमा करने सोमवार व मंगलवार को निगम में आयोजित शिविर में 14 दुकानों का हुआ अनुबंध

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की विधिवत आबंटित दुकानों तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों का आबंटन पश्चात अनुबंध नही कराने तथा किराया जमा नहीं करने वालों के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को निगम टाउन हाल में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 11 जून तथा 18 जून को आयोजित शिविर में 14 दुकानदारों ने अनुबंध कराया।

उल्लेखनीय है कि निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों में निगम स्वामित्व कि निर्मित दुकानों में नीलामी के माध्यम से आबंटित दुकान तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में विधिवत आबंटित दुकानों में से अनेक दुकानों के दुकानदारों द्वारा अनुबंध नहीं कराया गया था, और न ही किराया जमा किया गया था। दुकानों का अनुबंध कराने व किराया जमा करने निगम आयुक्त के निर्देश पर सोमवार व मंगलवार को निगम टाउन हाल में शिविर लगाया गया। शिविर का अच्छा प्रतिसात मिला और 14 दुकानदारों ने अपनी दुकानों का अनुबंध कराया। अनुबंध के संबंध में उपायुक्त मोबिन अली ने बताया कि दिनांक 11 जून मंगलवार को आयोजित शिविर में 5 दुकानदारों ने अनुबंध कराया। इसी प्रकार आज 18 जून मंगलवार को आयोजित शिविर में 9 दुकानदारों ने अनुबंध कराने दस्तावेंज जमा कराया। उन्होंने बताया कि 5 दुकानों में 3 दुकान मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की एवं 2 दुकान निगम स्वामित्व की जिसका अनुबंध कराया गया और 9 दुकानों का अनुबंध कराने दस्तावेंज प्राप्त हुआ जिसमें 2 दुकान मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की है तथा 7 दुकाने निगम स्वामित्व की है, जिसका अनुबंध कराया जा रहा है।

उपायुक्त मोबिन अली ने कहा कि निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध के लिये आवश्यक दस्तावेज में भुगतान किये गये प्रीमियम की रसीद की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह आधार कार्ड की प्रति लेकर उपस्थित होना है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुबंध के लिये, 8 सौ रूपये का स्टॉम्प, 8 हजार रूपये की रसीद, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह, आधार कार्ड की प्रति लेकर अनुबंध करा किराया जमा कर सकते है। उन्होंने निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध नही कराने वाले दुकानदारों तथा स्वावलंबन योजना के आबंटितो से सोमवार व मंगलवार को टाउन हाल में उपस्थित होकर अनुबंध करा किराया जमा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दोनों दिनों के अलावा अन्य दिनों में भी अनुबंध करा दुकान किराया जमा कर सकते है। अनुबंध नहीं कराने की स्थिति में दुकानें निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

## अनमोल दावा

**मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है, जैसा वो विश्वास करता है वैसा वो बन जाता है।**

## सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से मचा हाहाकार

कलम 370 के अधीन जम्मू-कश्मीर को दिया जा रहा विशेष दर्जा नेस्तनाबूद कर दिया था। किन्तु, उसके बाद भी यह स्वर्ग कहलाए जाने वाला क्षेत्र आतंकी हमलों से अशान्त हो गया है। एक के बाद एक निरन्तर पांच आतंकी हमलों से अनेक निर्दोष नागरिक मारे गए थे। सुरक्षा दलों और हमारे खुफिया विभाग की खामियों से ही ऐसा होना संभव हो पाया। निःसंदेह यह चिन्ताजनक है। आतंकवाद की भयावहता का संदेश भारत के साथ-साथ अन्य देशों को भी दिया गया है। यह तो स्पष्ट हो गया है कि कश्मीर में सब कुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। आतंकी हमला संयोगवश नहीं हुआ था। इस हमले के लिए 9 जून की तारीख मुकर्रर की गई थी। क्योंकि, इसी दिन नरेन्द्र मोदी की नई सरकार ने लोकसभा में अपना काम शुरू किया था। इस पर से यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में लोकसभा का चुनाव शान्तिपूर्ण आयोजित हुआ था। मतदाताओं ने बड़े उत्साह से मतदान किया था। यही बात आतंकवादियों को नागवार लगी थी।

अब जम्मू-कश्मीर में 30 सितम्बर 24 के पहले विधानसभा चुनाव होने हैं। आतंकवादी और उनके आकाओं का प्रयास रहेगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांटे बिछाएं जिसका संदेश उन्होंने हमले कर प्रेषित किया है। पिछले अनेक वर्षों से आतंकवादियों पर समुचित कार्यवाही न होने के कारण ही आतंकी घटनाओं में वृद्धि हो रही है। मुद्दे की बात यह कि आतंकवादी लक्ष्य निर्धारित कर हमले करते हैं। वे सतत् अपनी व्यूहरचना में बदलाव ला रहे हैं। निर्दोष नागरिकों पर हमले कर रहे हैं।

कल ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है अब एन.आई.ए. आतंकवाद की जांच करेगा। गृहमंत्री ने आतकियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कश्मीर घाटी में सुरक्षा दलों का चुस्त बंदोबस्त दिखाई दे रहा है। जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है। फिर भी आतंकवादियों ने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस निशान बनाया था, यह भी उनकी योजना का एक हिस्सा रहा होगा। इसके पहले आतंकवाद कश्मीर और अमरनाथ में सक्रिय रहता था। किन्तु, इस मर्तबे उन्होंने अपनी योजना में बदलाव किया और रिसाली में हिंसक खेल खेला।

पाकिस्तान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और वर्तमान के पी.एम. शाहबाज शरीफ ने भारत से मित्रता रखने की इच्छा व्यक्त की है। परन्तु, पाकिस्तानी सेना के इरादे इस पर नेक नहीं हैं। भूतकाल में भी पाक शासक और सेना के बीच का टकराव खतरनाक हद तक जा पहुंचा था। कांग्रेस के पास भी कश्मीर बाबत कोई खास विजन नहीं है। भाजपा ने अब अपना ध्यान देश के विभिन्न राज्यों में आगामी छह माह भीतर होने वाले विधानसभा चुनावों पर लगा रखा है। जिसका फायदा उठाते हुवे आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में अपना पांव जमाने प्रयासरत हैं। कश्मीर के स्थित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इससे आतंकवादियों के हौंसले बुलंद है। उधर, केन्द्र सरकार का कहना है कि अभी तक किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। आतंकवादी अफवाह फैला रहे हैं।

केन्द्र सरकार ने आपरेशन आलआउट के दूसरे राउंड में जो बातें कही थी, उसके कोई दम नहीं है। क्योंकि, आजकल जम्मू-कश्मीर में बड़ी तादात में आतंकवादियों ने घुसपैठ की है। नए एन.डी.ए. सरकार की कमजोर स्थिति का ही दुष्परिणाम है कि आतंकवादी निरन्तर हमले कर रहे हैं।

खलिस्तानी आंदोलन भी पाक प्रेरित आतंकवाद का एक हिस्सा है। नागरिकों, पुलिस, सेना की हत्याओं का सिलसिला उनकी बर्बरता बताता है। काश्मीर में हाहाकार मचा है। तमाम अप्रिय घटनाओं में केवल पाकिस्तानी पर ही दोष मढ़ा जा रहा है।

# रेलवे का 'कवच' सिस्टम क्या है?

**चंदन जजवाड़े**



पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई.जिस वक़्त यह हादसा हुआ उस वक़्त कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन को पार कर सियालदह की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से इसे एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी.ये टक्कर इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल तोड़ दिया, जिससे ये पटरी पर खड़ी कंचनजंघा से भिड़ गई.

इस हादसे के बाद लोग सवाल कर रहे हैं कि आख़िर इस मामले में रेलवे की ओर से बनाए गए सिस्टम कवच ने क्यों काम नहीं किया. रेलवे ने दावा किया था कि ऐसे हादसों से बचाने के लिए ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच को बनाया गया था.कवच स्वदेशी तकनीक है और दावा किया गया था कि इस तकनीक को भारतीय रेल के सभी व्यस्त रूट पर लगाया जाएगा, ताकि रेल हादसों को रोका जा सके.यह एक तरह की डिवाइस है जो ट्रेन के इंजन के अलावा रेलवे के रूट पर भी लगाई जाती है.इससे दो ट्रेनों के एक ही ट्रैक पर एक-दूसरे के क़रीब आने पर ट्रेन सिग्नल, इंडिकेटर और अलार्म के ज़रिए ट्रेन के पायलट को इसकी सूचना मिल जाती है.लेकिन इन तमाम दावों के बाद भी रेल हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है.

सबसे बड़ी बात यह है कि जिस तरह के हादसे को रोकने के लिए कवच को विकसित किया गया था, उसी तरह का हादसा पिछले साल ओडिशा में हुआ था. इस हादसे में 275 लोग मारे गए थे

सेंट्रल रेलवे बोर्ड की सीईओ और चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि कवच सिस्टम 1,500 किमी में लगाया जा चुका है और इस साल 3,000 और किलोमीटर में लगाया जाएगा.उनका कहना है कि इसी तरह अगले साल फिर से 3,000 किलोमीटर में इसे लगाया जाएगा.जया ने बताया कि इस साल की योजना में पश्चिम बंगाल भी शामिल है, लेकिन हादसे वाली जगह पर अभी तक नहीं लग पाया है.उन्होंने कहा कि यह महंगा सिस्टम है, इसलिए इसे चरणबद्ध तरीके से लगाया जा रहा है. इकोनॉमिक टाइम्स ने भारतीय रेलवे की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रेलवे ने दस हजार किलोमीटर के लिए कवच का टेंडर जारी करने का फैसला किया था.

अभी तक छह हजार किलोमीटर पर कवच सिस्टम के लिए टेंडर जारी हुए हैं. इसमें से साउथ सेंट्रल रेलवे के 1465 किलोमीटर रूट और 139 इंजनों में कवच लगाया गया था.

भारत में दो ट्रेनों के आपस में टकराने (हेड ऑन कोलिजन) को रोकने के लिए गंभीरता से काम साल 1999 में हुए गैसल रेल हादसे के बाद शुरू हुआ था.इस हादसे में अवध-असम एक्सप्रेस और ब्रह्मपुत्र मेल ट्रेन आपस में टकरा गई थीं, जिससे क़रीब 300 लोगों की मौत हो गई थी. उसके बाद भारतीय रेल के कोंकण रेलवे ने गोवा में एंटी कोलिजन डिवाइस या एसीटी की स्वदेशी तकनीक पर काम शुरू किया था.इसमें ट्रेनों में जीपीएस आधारित तकनीक लगाई जानी थी, जिससे दो ट्रेन एक ही ट्रैक पर, एक-दूसरे के क़रीब आ जाएं तो सिग्नल और हूटर के ज़रिए इसकी जानकारी ट्रेन के पायलट को पहले से मिल जाए.शुरू में इस तकनीक में देखा गया कि दूसरे ट्रैक पर भी कोई ट्रेन आ रही हो तब भी इस तरह से सिग्नल मिलने लगते हैं. इस तकनीक में दूसरे देशों में भी कुछ खामियां देखी गई थीं और इससे बेहतर सुरक्षा तकनीक ज़रूरत महसूस की गई.कोंकण रेलवे के पूर्व प्रोजेस्ट मैनेजर सतीश कुमार रॉय ने बीबीसी को बताया है कि कोंकण रेलवे ने जिस एन्टी कोलिजन डिवाइस को विकसित किया था वह काफी सस्ती तकनीक थी और 2019 तक नार्थ फ्रंटियर रेलवे के क़रीब 1600 किलोमीटर रूट पर 10 साल तक इसका सफल ट्रायल भी हुआ.सतीश कुमार राय के मुताबिक़ बाद में रेलवे ने ख़र्च की वजह से ही इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया, जबकि इससे महंगी कई यूरोपीय तकनीक को खरीदने पर विचार होने लगा. इस तरह से कोंकण रेलवे की तकनीक धीरे धीरे ठंडे बस्ते में चली गयी.रेलवे ने बाद में विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस को विकसित कर इस तरह के हादसों को रोकने पर विचार भी किया था.उसके बाद ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए ट्रेन प्रोटेक्शन वार्निंग सिस्टम या टीपीडब्ल्यूएस और टीकैस यानी ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम पर भी विचार हुआ.इस तरह की तकनीक को विदेशों से ख़रीदने पर यह काफ़ी महंगा साबित हो रहा था, इसलिए रेलवे ने इसकी तकनीक ख़ुद विकसित करने पर ज़ोर दिया और इसी सिलसिले में टीकास की तर्ज पर कवच नाम की देशी तकनीक को अपनाया गया.

पिछले साल भारत के साउथ सेंट्रल रेलवे में ट्रायल के बाद यह दावा किया गया था कि साल 2022-23 तक इसे 2000 किलोमीटर नेटवर्क पर लगा लिया जाएगा.यानि भारतीय रेल के क़रीब 65 हज़ार रूट किलोमीटर नेटवर्क के केवल व्यस्त सेक्शन पर भी इस तकनीक को लगाने में अभी लंबा समय लग सकता है.भारतीय रेल अक्सर ज़ीरो टॉलरेंस टूवाड्र्स एक्सीडेंट की बात करती है. यानी रेलवे में एक भी एक्सीडेंट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.आमतौर पर हर रेल मंत्री की प्राथमिकता में यह सुनने को मिलता है. लेकिन पिछले 15 साल में दस से ज़्यादा रेल मंत्री पाने के बाद भी भारत में रेल हादसे नहीं रुके हैं.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मार्च 2022 में सिकंदराबाद के पास कवच के ट्रायल में ख़ुद शरीक हुए थे.उस वक़्त यह दावा किया गया था कि कवच भारतीय रेल में हादसों को रोकने की सस्ती और बेहतर तकनीक है.

रेल मंत्री ने ख़ुद ट्रेन के इंजन में सवार होकर इसके ट्रायल के वीडियो बनवाए थे, लेकिन इस तकनीक की क्षमता पर सवाल उठाया जा रहा है.हादसों के लिहाज़ से भारत में पिछली सरकारों का रिकॉर्ड भी ख़राब रहा है और मौजूदा सरकार में भी कई बड़े रेल हादसे हो चुके हैं. रेलवे में कई हादसे ऐसे भी होते हैं जिसकी चर्चा तक नहीं होती है.ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फ़ेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के मुताबिक, हर साल क़रीब 500 रेलवे कर्मचारी ट्रैक पर काम करने के दौरान मारे जाते हैं. यही नहीं मुंबई में हर रोज़ कई लोग पटरी को पार करते हुए मारे जाते हैं. रेलवे की प्राथमिकता ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने की नहीं बल्कि सुरक्षा होनी चाहिए.भारतीय रेल अक्सर ज़ीरो टॉलरेंस टूवाड्र्स एक्सीडेंट की बात करती है. यानी रेलवे में एक भी एक्सीडेंट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.आमतौर पर हर रेल मंत्री की प्राथमिकता में यह सुनने को मिलता है. लेकिन पिछले 15 साल में दस से ज़्यादा रेल मंत्री पाने के बाद भी भारत में रेल हादसे नहीं रुके हैं.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मार्च 2022 में सिकंदराबाद के पास कवच के ट्रायल में ख़ुद शरीक हुए थे.उस वक़्त यह दावा किया गया था कि कवच भारतीय रेल में हादसों को रोकने की सस्ती और बेहतर तकनीक है.रेल मंत्री ने ख़ुद ट्रेन के इंजन में सवार होकर इसके ट्रायल के वीडियो बनवाए थे, लेकिन इस तकनीक की क्षमता पर सवाल उठाया जा रहा है.हादसों के लिहाज़ से भारत में पिछली सरकारों का रिकॉर्ड भी ख़राब रहा है और मौजूदा सरकार में भी कई बड़े रेल हादसे हो चुके हैं. रेलवे में कई हादसे ऐसे भी होते हैं जिसकी चर्चा तक नहीं होती है.ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फ़ेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के मुताबिक, हर साल क़रीब 500 रेलवे कर्मचारी ट्रैक पर काम करने के दौरान मारे जाते हैं. यही नहीं मुंबई में हर रोज़ कई लोग पटरी को पार करते हुए मारे जाते हैं. रेलवे की प्राथमिकता ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने की नहीं बल्कि सुरक्षा होनी चाहिए.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-180 : श्री राम के अभिषेक को गलत सिद्ध करने के लिए मंथरा द्वारा कुतर्कों का सहारा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मंथरा ने तर्कों का मज़बूत जाल बुनना जारी रखा, ''रानी! आपने अनेक युद्धों में अपने पराक्रम का प्रदर्शन किया है और राज कार्यों में भी आप महाराज को सहायता देती हैं।अन्य रानियां आपके सामने कहीं नहीं हैं.आपके प्रति राम को अतिशय प्रेम क्यों नहीं होगा? ऐसा प्रदर्शन करने में उन्हें लाभ ही लाभ है।''

''बस करो मंथरा, अपनी सीमा मत लांघो। चुप रहो।'' रानी ने कहा।

''मैं चुप नहीं रहूंगी, क्योंकि प्रश्न केवल राम के राजा बनने का ही नहीं है बल्कि यह आशंका भी है कि उनके राजा बनने के बाद कुमार भरत और उनकी संतान सदैव के लिए राजपद से वंचित हो जाएगी।'' मंथरा ने तीर छोड़ा।

''ऐसा क्यों? अगर भविष्य में राम राजा होंगे, तो भरत आगे चलकर युवराज बनेंगे ही?'' ''कितना आगे चलकर भोली रानी? क्या आपको ज्ञात नहीं है कि राम और भरत में केवल दिन का अंतर है, महीने या वर्षों का नहीं. अतः स्वाभाविक ही राम और भरत एक साथ प्रौढ़ अवस्था को प्राप्त होंगे और युवराज पद के लिए राजा अपने ही पुत्र का चयन करता है,बशर्ते वह योग्य हो और राम के भावी पुत्र में अयोग्य होने की संभावना कैसे हो सकती है?'' मंथरा ने विस्तार से अपने कुतर्कों से रानी के मन में आशंकाओं और भय का पर्वत खड़ा किया।

''मगर राम ज्येष्ठ हैं मंथरे।''

''भावना से काम नहीं लेने वाली मेरी भोली रानी, ज्येष्ठ पुत्र राम नहीं भरत हैं, क्योंकि राम के जन्म से कहीं पहले आपके पिता महाराज अश्वपति को महाराज दशरथ ने वचन दिया था कि कैकेई का होने वाला पुत्र ही अयोध्या का राजा बनेगा। ऐसे में राम कैसे ज्येष्ठ हुए, क्रम कोई भी हो लेकिन वचन के अनुसार ज्येष्ठ तो भरत हुए न?''

मंथरा ने अटपटा तर्क रखा।

''इस वचन का क्या प्रमाण है मंथरा, कौन साक्षी है?अगर यह वचन था भी तो इसलिए था कि दीदी कौशल्या और दीदी सुमित्रा को संतान प्राप्ति नहीं हुई थी, उन्हें संतान प्राप्ति के बाद यह वचन स्वतः ही टूट गया था।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -092

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वृद्ध, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू- दोकू क्र.092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# जानवर करता प्रसाद का मान, पर इंसान ?

खबर पढ़कर मुग्ध होकर,
फिर भक्ति भाव से भरकर,
बानी बोले - ध्यान से सुनिए गजाधर।
मनेन्द्रगढ़ जिले के दूरस्थ वनांचल
क्षेत्र भरतपुर विकासखण्ड के
ग्राम भगवानपुर स्थित
मां चांग देवी मंदिर में रोजाना
सुबह और शाम के समय
जंगल से निकल कर एक भालू
प्रसाद खाने के लिए मंदिर आता है।
प्रसाद खाने के बाद करीब एक घंटा
मंदिर में विचरण कर चुपचाप
जंगल की ओर निकल जाता है।
मालूम गजाधर ! भालू को देखने
अनेक लोग मंदिर में जमा हो जाते है
पर वह भालू किसी को कोई
नुकसान नहीं पहुंचाता है।
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी !
देवी-देवताओं के प्रसाद की महिमा को
जानवर भालू ने समझा है
इसीलिए वह किसी का
अहित नहीं करता है।
पर प्रसाद खाने वाला इंसान
शान-घमण्ड और
ईर्ष्या-द्वेष के
गिरफ्त में बंधा रहता है।



**गिरीश बख्शी**

## कविता

# गाय के जतन नइ हे, कुकुर के रखवारी

कइसन जमाना आ गे, मैं का बतावँव संगवारी,
गाय के तो जतन नइ हे, अउ कुकुर के हे रखवारी।
गाय किंदरत हे सड़क मा, कुकुर सुते रजाई, गाय
बिचारी भूख मरत हे, कुकुर बर दूध मलाई। साबुन
सेम्पू कुकुर ल चुपरथे, दाई-ददा के नइये पुछारी।
गाय के जतन नइ हे....
कुकुर सेवा मा संझा बिहनहा, पाछू-पाछू जाथें,
दाई-ददा बर वृद्धाश्रम हे, कुकुर ल एसी म सुताथें।
भूख-प्यास म गाय रोवत हे, कब आबे गिरधारी ?
गाय के जतन नइ हे .......
गउमाता के सेवा करके, किसन कहाइन गोपाला।
कलजुग के धनवान जपत हें, कुकुर नाम के माला।
एकरे खातिर दुनिया मा, बाढ़त हे अत्याचार।
गाय के जतन नइ हे......
घर लीपे बर गोबर नइये, नइये छेना खरही, पुछी छुए
बर गरुवा नइये, कुकुर पुछी म तरही। कुकुर मन ले
सचेत रहव, लिखाय रथे घर के दुवारी,
गाय के जतन नइ हे, अउ कुकुर के हे रखवारी।।

- रामकुमार पटेल मुड़पार जिला-बिलासपुर

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जाएगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज आपकी रूचि अध्यात्म में रहेगी। कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा।



**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा, इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। आज शाम को आप किसी बर्थ-डे पार्टी में जा सकते हैं जहां आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार होगी।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएँगी। आपका मिलनसार व्यवहार .... आपको लोगों का प्रिय बना देगा। जो लोग किसी बिजनेस में इन्वेस्ट करने की सोच रहे हैं वे किसी एक्सपर्ट से राय जरूर ले लें।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता प्राप्त होगी।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम समय से पूरा हो जाएगा।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। कोई करीबी दोस्त या रिश्तेदार किसी काम में आपका सहयोग करेंगे। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। लोगों के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि न ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। पारिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपके लिए कारगर साबित होगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी।




**मकर**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। व्यापार को बढानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगायेंगे। सही रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

# सतनामी पंथ एक शांतिप्रिय समाज है, बलौदा बाजार की घटना सरकार की लचर कानून व्यवस्था का परिचायक- भुनेश्वर बघेल

## धरना प्रदर्शन: जिला मुख्यालय मोहला में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी मोहला-मानपुर-अंचौकी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में बढ़ रही हिंसक एवं आपराधिक घटनाएं तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं लचर शासन-प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन मंगलवार को जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल रहे। ज्ञात हो कि सतनाम समाज के पवित्र स्थान गिरौधपुरी के पास मानाकोनी गांव में बाघिन गुफा नामक स्थान पर स्थापित जैतखाम पर असामाजिक तत्वों ने तोड़ फोड़ करने का प्रयास किया था जिस पर पुलिस ने बिहार के तीन कामगारों को गिरफ्तार किया था चूंकि समाज इसमें मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रही थी परंतु प्रशासन के हाथ आरोपियों से दूर ही रहे इस दौरान 10 जून को समाज के द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित था जहां यह धरना असामाजिक तत्वों के द्वारा उग्र रूप ले लिया और देखते ही देखते प्रदेश की पहली और सबसे बड़ी घटना हुई जहां कलेक्टर परिसर को ही आग के हवाले कर दिया गया तथा इसमें दमकल, कार, बाइक सहित करीब 100 से अधिक गाड़ियों में भी आग लगा दिया गया।

परिसर में आग फैल जाने से करोड़ों की संपत्ति तथा सरकारी दस्तावेज़ जलकर खाक हो गई। इसमें सरकार दोषियों को ना पकड़कर सतनामी समाज के ही लोगों को परेशान कर रही है तथा घटना के लिए कांग्रेस समर्थित नेताओं के ऊपर दोष मढ़ रही है।



### आरोप प्रत्यारोप के बजाय सरकार अपनी व्यवस्था सुदृढ़ करे

जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में उपस्थित पीसीसी डेलीगेट संजय जैन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईदा खान, महामंत्री राजेंद्र जुरेशिया, नारायण खंडेलवाल, दिनेश शाह मंडावी, नोहरू कुमेटी, लगनू राम चंद्रवंशी, मनीष निर्मल, अजय राजपुत सभी ने एक सवार में बीजेपी सरकार के कृत्यों का निंदा किया एवं सरकार से बलौदा बाजार में घटित घटना के सही आरोपी को पकड़कर सजा देने का मांग किया तथा बेवजह कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने तथा सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को परेशान करने के बजाय अपने कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने आगाह किया। प्रभारी पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा की पवित्र स्थान गिरौधपुरी के पास प्रसिद्ध जैतखाम में तोड़ फोड़ किया गया है जिसमें बिहार के तीन लोग को गिरफ्तार किया गया है जबकि वे लोग निर्दोष है और प्रशासन दोषियों को बचा रही है। सतनामी समाज ने जब इस घटना की जांच की मांग किया तो प्रशासन ने जांच के नाम पर समाज के लोगों के ऊपर ही कार्रवाई करना शुरू कर दिया है जो की अनुसूचित है। पुलिस प्रशासन के द्वारा सामाजिक लोगों से दुर्व्यवहार किया रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार सतनामी समाज के ऊपर अत्याचार कर रही है। सतनाम पंथ शांति प्रिय विचारधारा को मानने वाला समाज है पर सरकार अपनी नाकामी शांतिप्रिय समाज को थोप रही है। सरकार अपनी कमजोरी को दबाने के लिए कांग्रेस पार्टी के ऊपर आरोप लगा रही है जबकि यह सरासर गलत है। बलौदाबाजार में घटित घटना निंदनीय है हम चाहते है की सरकार घटना में जो निर्दोष है उनके ऊपर कार्रवाई ना करें बल्कि जो असली दोषी है उनके ऊपर त्वरित कार्रवाई करें। शांति प्रिय समाज को धरना का जरूरत सरकार के नाकामी के कारण पड़ा है यह सब कृत्य सरकार के लचर रवैया एवं कुशासन के वजह से हुआ है कांग्रेस पार्टी प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस्तीफा की मांग करता है। प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व ही लाचार रहेगा तो प्रदेश में शांति और अनुशासित कानून व्यवस्था की कल्पना मुश्किल है।

### राज्यपाल के नाम सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने राज्य में शांति बहाली तथा बलौदा बाजार की घटना में दोषियों पर त्वरित कार्रवाई एवं सरकार के नाकामियों पर उनके नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति उन्हें आगाह करने हेतु ज्ञापन पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी सुरजीत सिंह ठाकुर, अब्दुल खालिक खान, मीना मांझी, दिलीप सिगने, कन्हैया राजपूत, कृष्णकांत देशमुख, भूषण तिवारी, कपिल कोमरे, सुखू राम मंडावी, करण बोगा, दिनेश साहू, गमीता लोनहारे, रेखा भंडारी, दीपिका राजपूत, कविता राणा, उत्तरा निषाद, शेषवरी धुर्वे, बलराम नेताम, अभिषेक ठाकुर, मिर्जा नूर बेग, मनीष बांसोड़, अवध चुरेंद्र, लोकदीप बोरकर, महेश कुंजाम, अभिमन्यु मंडावी, देवव्रत सलामे, सुजान पूरामे, दादू शेंडे, विष्णु पिस्दा, रोहिदास साहू, रशीद खान, नारद कचलाम, गुलशन वट्टी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त कार्यकर्ता तथा आनुसंगिक संगठन युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, बूथ, सेक्टर, जोनल कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### बेलगाम शासन-प्रशासन को हमेशा आइना दिखाएगा सशक्त विपक्ष

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता देवानंद कौशिक ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से छ.ग. में हिंसा आम बात हो गई पिछले पांच साल जब बीजेपी विपक्ष में थी तो हिंसा करती थी और अब जब सरकार में है तो हिंसा करवाने पर आमदा हो गई है। बलौदाबाजार की घटना सरकार की नाकामी, लाचार कानून व्यवस्था का परिचायक है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए बीजेपी पूरी तरह से जिम्मेदार है और सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाने के इतर अपनी नाकामी को सतनामी समाज के ऊपर थोपकर निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस कृत्य का विरोध करती है कांग्रेस पार्टी ने केंद्र हो या राज्य हमेशा एक सशक्त विपक्ष का कार्य किया है हमने कृषि कानून का विरोध किया केंद्र सरकार को वापस लेना पड़ा, हमने अग्निवीर का विरोध किया अब सरकार उसमें बदलाव लाने जा रही है। कांग्रेस के सिपाहियों हम भले सत्ता में नहीं हैं पर साहस आज भी हमारा प्रमुख हथियार है जब-जब शासन प्रशासन बेलगाम होती जायेगी कांग्रेस हमेशा एक सशक्त विपक्ष के तौर पर अपना विरोध दर्ज कराएगी।

# एक स्टाफनर्स के भरोसे उमरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत उमरवाही में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दोनों स्टाफ की कमी बताई जा रही है जिसके चलते अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या घटते जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में सिर्फएक स्टाफ नर्स है इसके भरोसे ही मरीजों के साथ-साथ प्रसव का भी कार्य देखा जा रहा है।




ग्राम पंचायत की सरपंच गोरी बेगम, समाजसेवी लक्ष्मी चंद जैन, मुकेश भुवार्य, ठाकुरराम उपसरपंच भागीरथी राणा, भगवान सिंह भुवार्य के साथ ग्रामीणों ने मांग की है की उमरवाही में सदस्य ए.एन.एम. उषा कन्नौजे को उमरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी के बाद भी कुमरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अटैच कर दिया गया है। प्रसव का सारा कार्य उमरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हीं के द्वारा देखा जा रहा था, पिछले दो महीनो से जब से उन्हें अन्यत्र अटैज किया गया है उमरवाही प्रसव दर की संख्या एकदम से कम हो गई है। ग्रामीणों ने उन्हें उनके मूल पदस्थ स्वास्थ्य केंद्र उमरवाही में पदस्थापना की मांग की है।

48 ग्रामों का एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र - उमरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 48 ग्रामों के ग्रामीण आकर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेते हैं पर स्टॉफकी कमी से जूझ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या लगातार घटती जा रही है।

बाउंड्रीवॉल तक नहीं - अस्पताल निर्माण के 10 सालों बाद भी अब तक अस्पताल का बाउंड्रीवॉल नहीं हो सका है जिसके कारण आवारा मवेशी कभी भी यहां आकर विचरण करते रहते है। अस्पताल में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा यहां कई बार बागवानी की गई पर दीवाल ना होने की वजह से आवारा मवेशी जाकर उसे चट कर जाते हैं। ग्रामीणों ने अस्पताल में शीघ्र ही नर्स नियुक्ति की मांग के साथ ही शासन प्रशासन से अस्पताल में बाउंड्री वॉल करने की मांग की है।

> स्टाफ की कमी तो है ही, विभागीय अधिकारी को जानकारी दे दी गई है। शीघ्र ही समस्या का हल निकाल लिया जाएगा।
>
> **– रोशन मंडलोई आरएमए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरवाही**

# छिरपानी स्थित मुक्तिधाम अतिक्रमण की चपेट में

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के छीरपानी क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम प्रशासनिक लापरवाही के चलते अतिक्रमण के साथ-साथ, खंडित अवस्था में पहुंच गया है। सैकड़ों वर्ष पूर्व से संचालित हो रहे मुक्तिधाम का क्षेत्रफल 6 एकड़ के भूभाग पर स्थित था। जो वर्तमान में मात्र एक एकड़ में सिमट कर रह गया है। मुक्तिधाम की शेष जमीन अतिक्रमण की चपेट में है।

सबसे अधिक अधिक्रमण मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा जन सुविधा एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण के नाम से किया गया है। इसके अलावा मुक्तिधाम की जमीन पर स्थानीय व्यवसायियों द्वारा भी अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसका विरोध मुक्तिधाम समिति ने अनेक बार किया है। किंतु प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते मुक्तिधाम की न तो सफाई व्यवस्था में कोई ध्यान दे रहा है न ही अतिक्रमणकारियों से मुक्ति के कोई प्रयास किया जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से मुक्तिधाम की दुर्दशा पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता बताई है साथ ही इसके नवीनीकरण के लिए तत्काल पहल करने की मांग की है।





## पालिका द्वारा किया गया सौंदर्यीकरण, प्रशासनिक लापरवाही के चलते खंडहर अवस्था में पहुंचा

### सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव में ध्यान नहीं दे रहा है पालिका

मुक्तिधाम में सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की यहां नितांत आवश्यकता है। मुक्तिधाम में समय-समय पर नगर पालिका द्वारा निर्माण कार्य कराए जाते हैं। जिसमें स्थानीय नागरिकों को तो दूर मुक्तिधाम समिति तक को विश्वास में नहीं लिया जाता। उनसे आवश्यकताएं भी नहीं पूछी जाती। जिसके चलते मुक्तिधाम अंतिम सांसें में गिन रहा है। जनप्रतिनिधियों को तो जैसे इससे कोई लेना देना ही नहीं है। कई बार नागरिकों द्वारा निवेदन करने पर भी वे इस और ध्यान नहीं देते। जबकि प्रत्येक मनुष्य का अंतिम विश्राम स्थल मुक्तिधाम ही है, जो आया है उसे अंतिम समय यही विश्राम लेना है। उसके बावजूद भी शासन प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि इस और ध्यान नहीं दे रहे जिसके चलते नागरिकों में रोष व्याप्त है।

### मुक्तिधाम परिसर में सफाई की नियमित आवश्यकता

यहां पर साफ सफाई की नियमित आवश्यकता है क्योंकि शव दहन के पश्चात कपड़े तथा मृतक की अन्य वस्तुएं लोग यहीं पर छोड़कर चले जाते हैं अधूरी जली पडी लकडियां कन्डे तथा राख सहित अन्य सामग्री की नियमित सफाई के साथ-साथ प्लास्टिक के कचरे से मुक्तिधाम अटा पड़ा है जिसके चलते यहां प्रदूषण हावी है आने वाले लोग हमेशा यहां की व्यवस्था की आलोचना करते हैं। यहां नियमित सफाई की नितांत आवश्यकता है।

### गार्डन भी आवश्यक

मुक्तिधाम में शेष बची थोड़ी जमीन में एक छोटे से गार्डन की नितांत आवश्यकता है। साथ ही आने वाले लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था भी अत्यंत आवश्यक है। इसमें प्रशासन के साथ-साथ समाज के लोगों को आगे आकर सहयोग करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिससे यहां का वातावरण शुद्ध एवं प्राकृतिक हो सकें।

# उमरवाही पंचायत में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जोंधरा (दावा)। ग्राम पंचायत उमरवाही में जल संवर्धन स्वच्छता और फसल पर संगोष्ठी का आयोजन विकासखंड छुरिया के उप अभियंता नीतीश कुमार दामले के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दामले ने कहा कि जलसंवर्धन हम सब की जिम्मेदारी है प्रतिवर्ष धरती का जलस्तर घटता जा रहा है। जिसके कारण भीषण गर्मी हमें झेलनी पड़ रही है, हम लगातार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं जबकि उस अनुपात में हम पेड़ नहीं लगा पा रहे हैं जिसके कारण अब पहले की अपेक्षा बारिश भी कम होने लगी है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब कभी लगातार सप्ताह, 15 दिनों की तो कभी महीने भर की झड़ी होती थी।



यह सब आज भी संभव है जरूरत है हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होने की। वहीं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुनील ठाकुर ने उन्नत कृषि के लिए टिप्स प्रदान किया। वहीं समाजसेवी लक्ष्मीचंद जैन ने स्वच्छता को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में स्वच्छता का अभियान चलाया था क्योंकि स्वच्छता का हमारी जिंदगी में सबसे महत्वपूर्ण स्थान है बताया जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का आवास होता है स्वच्छता के लिए हम किसी पर निर्भर ना रहे अभी तो हमें जो गंदगी दिखे जो स्वयं के लिए पसंद नहीं है तो निश्चय ही वह समाज के लिए भी अनुपयोगी ही होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच से गोरी बेगम समाज सेवी लक्ष्मीचंद जैन, उपसरपंच ठाकुररामन नरेटी, इमरान खान, राजेश्वरी, जानकी वर्मा सरिता साहू, सेवंती देवहारे, जमुना मांझी, यशोदा बाई ताराबाई, पुष्पाबाई रावटे, ओश्वरी, रामेश्वरी इंदिरा बाई, केसरी बाई नारायणी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आज विश्व सिकल सेल दिवस पर विशाल सीकलसेल जाँच शिविर

मोहला (दावा)। विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन आज 19 जून को किया जाएगा। स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में विशाल सीकल सेल जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। जिले के नागरिकों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सिकल सेल की जांच कराने की अपील किया गया है।

# दुकान आकर मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थीया ने अपने पिता के साथ थाना हाजिर आकर दिए गए लिखित शिकायत आवेदन पर आरोपी ओमप्रकाश साहू के खिलाफ 452, 294, 323, 506, भादंवि का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ निवासी 17 वर्षीय प्रार्थिया ने पुलिस को बताया की वह, कक्षा 10वीं तक पढाई की है। वह अपने घर के पडोस में रहने वाली बुआ जो अकेली रहती है इसलिए उनके घर में ही ज्यादा रहती है। उसकी बुआ सुनीता साहू की घर में ही किराना दुकान है, इसलिए कोई भी सामान मांगता है तो रात में भी जरूरत का सामान दे देती है। 17 जून के रात्रि 11:30 बजे एक लड़का डिस्पोजल गिलास और चिप्स मांगा था तो मैं उसे डिस्पोजल गिलास और चिप्स देने के लिए गेट के पास आयी तो ओमप्रकाश साहू को देखकर घर के अंदर भागकर आ गयी, फिर गेट से ही डिस्पोजल, गिलास और चिप्स दे रही थी तो ओमप्रकाश साहू घर में घुसकर मां बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्कों से मारने लगा और मेरा बाल पकड़कर घसीटते हुए घर से बाहर ले गया और मारपीट किया। जिससे मुझे बांये पैर के पंजा में चोंट है, सिर, गर्दन व पीठ में दर्द है। ओमप्रकाश साहू से लगभग 2 वर्ष पूर्व से मेरी जान पहचान व दोस्ती है। जिससे मैं बातचीत नहीं करती हूं। इस कारण वह मुझसे बात कर कही भी मेरी से बिना पूछे आना जाना मत किया कर कहकर हमेशा पूर्व में डराता धमकाता रहा है।

# कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की ली बैठक

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला स्तरीय दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया की जिला स्तरीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार 21 जून को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रातः 7 से 8 बजे तक किया जाना है। जिसके सुचारू संचालन हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को नोडल अधिकारी तथा जिला आबकारी अधिकारी दीगेश देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा इनके सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। जिसमें पुलिस विभाग को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व विभाग को कानून व्यवस्था, सम्पूर्ण तैयारी, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, नगर पालिका परिषद तथा जनपद पंचायत को कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, पीने के पानी एवं टैंकर की व्यवस्था, खाद्य विभाग को स्वल्पाहार की व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग को मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, योगा मेट, गद्दा, सफेद चादर आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एंबुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा, आयुष विभाग को काढ़ा औषधि वितरण, शिक्षा विभाग को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं की शिविर में उपस्थिति आदि सहित अन्य संबंधित विभागों को भी दायित्व सौपे गए है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को सौंपे गए दायित्व के निर्वहन हेतु आवश्यक निर्देश दिए है।



## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में होगा जिला स्तरीय दशम अंतर्राष्ट्रीय योग का आयोजन

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्यक्रम स्थल में उपस्थित होने कहा है। इस अवसर पर वनमंडल अधिकारी आलोक कुमार शर्मा, अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ललित वाल्टर तिर्की, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें।

## कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के दिये निर्देश

कलेक्टर जनदर्शन में आज 24 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज कुंजामटोला के समस्त ग्रामवासीयों ने अपने गांव में नेटवर्क की समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन प्रेषित किया। उन्होंने अपने गांव में जियो टावर लगाने की मांग की हैं। उन्होंने बताया कि नेटवर्क समस्या होने के चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन लेते समय मशीन में हितग्राही का फिंग्गर के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है।

इसी प्रकार अं.चौकी निवासी अक्षय लाल ने उनकी माता की मृत्यु हो जाने पर अनुकम्पा नियुक्ति देने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है। आवेदक ने बताया कि उनकी माता शिक्षा विभाग में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थी। उनकी माता की मृत्यु सेवा काल में हो गया है। उन्होंने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर की अर्थिक स्थिति अत्यन्त खराब हैं, मुझे जल्द-से-जल्द अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाये। इसी प्रकार ग्राम खुर्सीपार निवासी श्रीमति मंजू श्याम ने अपने पति स्व. विजय श्याम के निधन के बाद उनकी पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकण किये जाने के संबंध में आवेदन दिया है।

इसी प्रकार ग्राम खड़बत्तर वि.ख.मोहला के समस्त ग्राम वासियों ने ग्राम से लेकर मोहला जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यन्त खराब होने के कारण हमें आने-जाने में कई समस्याओं का समना करना पड़ता हैं, संबंधित समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन के माध्यम से अपने समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# पहला कॉलम...

## अस्पताल में लगी भीषण आग, 9 मरीजों की मौत

तेहरान। ईरान के उत्तरी हिस्से में एक अस्पताल में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। जिन नौ लोगों की मौत हुई है वो मरीज थे। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे (2200) राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कैम अस्पताल में लगी, जिसमें छह महिलाएं और तीन पुरुष शामिल थे। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ - जिसमें गहन चिकित्सा इकाई है - जिससे भीषण आग लग गई। मोमेनी ने कहा कि आपातकालीन कर्मचारियों ने धुएं के कारण फंसे 140 से ज्यादा लोगों, मरीजों और अस्पताल के कर्मचारियों को बचाया, और उनमें से 120 को अन्य चिकित्सा सुविधाओं में भर्ती कराया गया।

## निकोलस पूरन बने सिक्सर किंग

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 40वां मैच वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच खेला गया. यह इस टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच था, जो सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. वेस्टइंडीज की टीम अफगानिस्तान के खिलाफ यह मैच 104 रनों से जीतने में कामयाब रही. इस मैच में निकोलस पूरन भी चर्चा का विषय बने हुए हैं, जिन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़कर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

निकोलस पूरन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में वेस्टइंडीज़ के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले क्रिस गेल इस रिकॉर्ड में टॉप पर थे. पूरन ने अब तक अपने 92 टी20 इंटरनेशनल म मैचों में कुल 128 छक्के लगा लिए हैं. वहीं क्रिस गेल ने 79 टी20 मैचों में 124 छक्के लगाए थे. तीसरे नंबर पर एविन लुईस हैं. एविन लुईस ने 53 टी20 मैचों में 111 छक्के लगाए हैं. चौथे नंबर पर कीरोन पोलार्ड हैं. पोलार्ड ने 101 टी20 मैचों में 99 छक्के लगाए हैं. इसके बाद पांचवें नंबर पर रोवमन पॉवेल हैं. रोवमन पॉवेल ने अब तक खेले 75 टी20 मैचों में 90 छक्के लगाए हैं.

## 40 एयरपोर्टों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

नई दिल्ली। देश में एक बार फिर धमकी भरा मेल आया है। इस बार पटना एयरपोर्ट समेत 40 हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसकी सूचना मिलते ही एयरपोर्टों पर हड़कंप मच गया। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसियां भी अलर्ट हो गईं और सघन छानबानी शुरू कर दी। वहीं, गुजरात के वडोदरा एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। बताया जा रहा है कि ईमेल के जरिए मंगलवार को एयरपोर्टों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस पर सुरक्षा बलों को एक्टिव कर दिया गया और जवानों ने चप्पे-चप्पे की जांच शुरू कर दी। इस ईमेल में देश के 40 एयरपोर्टों को निशाना बनाने की बात कही गई है। हालांकि, अभीतक कहीं से कुछ भी नहीं मिला है। इसे लेकर पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर का कहना है कि पटना एयरपोर्ट को बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की तलाशी ली जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट के आसपास वाले इलाकों में भी सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात कर दिया गया है।जांच एजेंसियां अब यह पता चला लगा रही हैं कि धमकी में कोई सच्चाई या किसी ने शरारत की है। एयरपोर्ट पर जांच पड़ताल से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आपको बता दें कि इससे पहले दिल्ली एनसीआर के स्कूल-कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, लेकिन जांच में कहीं से कुछ भी नहीं मिला था।

## शेयर बाजार 77 हजार पार, सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 77,326 अंक और 23,573 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9:40 पर सेंसेक्स 226 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,219 अंक पर और निफ्टी 77 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,543 अंक पर था। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। एनएसई पर 1,735 शेयर हरे निशान में और 348 लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 140 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 55,365 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 127 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर था। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू, एफएमसीजी, धातु, रियल्टी और ऊर्जा सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि फार्मा और वित्तीय सेवाओं के सेक्टरों पर दबाव देखा जा रहा है।

# विंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया



ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। निकोलस पूरन की 98 रन की जबरदस्त पारी और ओबेद मैकॉय के तीन विकेटों की बदौलत सह मेजबान वेस्ट इंडीज ने अफगानिस्तान को टी 20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय समयानुसार मंगलवार को 104 रन से करारी शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर पूरन के 53 गेंदों पर 98 और चार्ल्स जॉनसन के 27 गेंदों पर 43 रन की बदौलत वेस्ट इंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर बनाया जो टी 20 विश्व कप के इस संस्करण में किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। विंडीज ने श्रीलंका के नीदरलैंड्स के खिलाफ 201/6 और ऑस्ट्रेलिया के इंग्लैंड के खिलाफ 201/7 के स्कोर को पीछे छोड़ा।

पूरन के शानदार 98 रन मौजूदा विश्व कप में किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक निजी स्कोर है। पूरन ने अमेरिका के आरोन जोंस के कनाडा के खिलाफ बनाये गए नाबाद 94 रन को पीछे छोड़ा। उन्होंने पुरुष टी 20 इतिहास में किसी वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक छक्के उड़ाने के रिकॉर्ड को तोड़ा। पूरन ने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। विंडीज के विशाल स्कोर के जवाब में अफगानिस्तान की टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर सिमट गयी और उसे इस विश्व कप में पहली हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज की शुरुआत तेज रही। हालांकि दूसरे ओवर में ब्रैंडन किंग (6 में 7) का विकेट मेजबान टीम की गति को रोक नहीं पाया। लेकिन, चार्ल्स और पूरन दोनों टॉप गियर में आ गए।

चार्ल्स ने तीसरे ओवर में तीन चौके लगाए, जिसने पूरन को अंत के बदलाव के समय इस दुनिया से कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। आईसीसी रिपोर्ट के अनुसार कीपर-बल्लेबाज ने अज़्मतुल्लाह उमरज़ई की गेंद पर 36 रन बनाकर धमाका कर दिया - 6, 5 नोबॉल , 5वाइड, 0, 4लेग बाई, 4, 6, 6 पुरुषों के टी-20 इतिहास में यह पांचवीं बार है जब एक ओवर में 36 रन बने जबकि पुरुष विश्व कप में यह दूसरी बार है। उमरजई के ओवर की अंतिम गेंद पर छक्के से साझेदारी 50 तक पहुंची।

इस जोड़ी ने आक्रमण जारी रखा और वेस्टइंडीज को छह ओवर में स्कोर 92/1 पहुंचा दिया, जो पुरुषों के टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। आठवें ओवर की समाप्ति पर दाएं हाथ के बल्लेबाज के आउट होने से पहले चार्ल्स की एक और बाउंड्री से विंडीज ने 7.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा छू लिया। इसने 80 रन की साझेदारी को समाप्त कर दिया जिसमें केवल छह ओवर लगे। मेजबान टीम ड्रिंक्स तक 113/2 पर पहुंच गई।

## समुद्र में डूबे दो जहाज, 11 की मौत

नई दिल्ली। इटली के पास समुद्र में बड़ा हादसा हो गया. यहां समुद्र में 2 जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई. वहीं, अभी 66 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. वहीं, मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की. शिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद सोमवार देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के कोस्ट गार्ड ने बचाव अभियान जारी रखा. दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया तट से 193 किमी दूर फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया. कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी. एक बयान में कहा गया कि नाव डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है.

इटली की मीडिया के अनुसार, जो 66 लोग लापता हैं, उनमें 26 नाबालिग हैं. इस हादसे में बचे लोगों ने बताया कि यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे. इटली के अधिकारियों ने अब जांच शुरू की. बता दें कि इससे पहले एक घटना में जर्मन की रेस्कशिप के साथ रेस्क्यू जहाज ने 10 प्रवासियों को मृत पाया था और इटली के सबसे दक्षिणी द्वीप लैम्पेडुसा से दूर माल्टा के पास फंसी नाव पर सवार 51 अन्य लोगों को बचाया था. स्थानीय मीडिया ने बताया कि बचे हुए लोग बांग्लादेश, पाकिस्तान, मिस्त्र और सीरिया के थे. इटली के गृह मंत्रालय ने जहाज को लैम्पेडुसा में डॉक करने का आदेश दिया था.

## फिच ने भारत का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया




नई दिल्ली । अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया था।

वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल भरे माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है।

फिच की ओर से जारी अनुमान में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 में क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रह सकती है।

महंगाई पर रेटिंग एजेंसी का कहना है कि इस वर्ष के आखिर में खुदरा महंगाई दर 4.5 प्रतिशत पर आ सकती है। वहीं, 2025 और 2026 में इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हाल ही में वर्ल्ड बैंक की ओर से भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी विकास दर का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी विकास दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत निर्धारित किया है।

## भारत और ताइवान की दोस्ती पर भड़का चीन



ताइपे। नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में देश में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते से बातचीत की। लाई चिंग ते ने पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। हालांकि, ताइवान और भारत के राष्ट्र प्रमुखों के बीच हुई बातचीत चीन को नागवार गुजरी है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पीएम मोदी और लाई चिंग ते के बीच बातचीत पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा,÷सबसे पहले ताइवान क्षेत्र में राष्ट्रपति जैसी कोई चीज (पद) नहीं है। वहीं, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी तरह का आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। हालांकि, चीन के इन बयानों पर ताइवान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ताइवान के उप विदेश मंत्री टीएन चुंग-क्वांग ने चीन के बयान की निंदा करते हुए कहा कि .मुझे लगता है कि मोदी जी और हमारे राष्ट्रपति नहीं डरेंगे।


इसके पहले ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों नेताओं (लाई चिंग और मोदी) के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत पर चीन का प्रतिरोध बिल्कुल गलत है। धमकियों से दोस्तियां नहीं होती। ताइवान, भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने को लेकर समर्पित है। ये संबंध परस्पर लाभ और साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा था,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने एवं व्यापार, प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने को उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके।

## टोरंटो में गोलीबारी से महिला समेत दो की हत्या

एपी, टोरंटो (कनाडा)। कनाडा के उत्तरी टोरंटो के एक कार्यालय में एक पुरुष और एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर करने वाले संदिग्ध व्यक्ति की भी मौत हो गई है। गोलीबारी के कारण डे-केयर सुविधा और कैथोलिक ऑल-बॉयज एलीमेंट्री स्कूल को बंद कर दिया गया। इसके बाद माता-पिता अपने बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे। सेंट जॉर्ज मिनी स्कूल डे-केयर के बाहर अभिभावकों ने बच्चों को सही सलामत मिलने पर गले लगा लिया। डिटेक्टिव सार्जेंट अल बार्टलेट ने जानकारी दी है कि मृतक पुरुष और महिला वित्तीय लेनदेन के व्यवसाय से जुड़े थे। दोनों एक साथ काम भी करते थे। हमारा मानना है कि वित्तीय लेनदेन के विषय में ही झगड़ा हुआ है।

## बीसीसीआई टीम इंडिया के प्रमुख कोच के लिए गंभीर का साक्षात्कार लेगा




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरुष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच पद के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर का साक्षात्कार लेगा।

सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और अन्य अधिकारी यह साक्षात्कार लेंगे। बीसीसीआई के निकटस्थ सूत्र ने कहा, गौती (गौतम गंभीर) आज बीसीसीआई मुख्यालय में साक्षात्कार के लिए लगभग 12 बजे मुम्बई पहुंचेंगे। इस बात की लगभग पुष्टि हो गयी है कि वह टीम इंडिया के अगले मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई ने गंभीर द्वारा पेश की गयी शर्तों को मान लिया है और मुख्य कोच की जानकारी जल्द ही सामने आ जायेगी। बैठक 2 से 4 के बीच होनी निर्धारित है।

गंभीर ने मुख्य कोच पद के लिए कुछ मांगे बीसीसीआई के सामने रखी हैं जैसे टीम पर पूरा नियंत्रण, सफ़ेद और लाल गेंद के लिए अलग-अलग टीमें, जो समझता है कि बीसीसीआई ने मान ली हैं और उन्हें नियुक्त करने के लिए उत्सुक है।

बीसीसीआई ने मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे जिसकी समय सीमा 27 मई थी। नौकरी विवरण के अनुसार, नया भारतीय पुरुष मुख्य कोच जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक तीनों प्रारूपों के लिए होगा।

भारत के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का मूल अनुबंध नवंबर में 2021 टी20 विश्व कप के बाद शुरू हुआ था और घरेलू मैदान पर 2023 वनडे विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था और इसे इस साल के टी20 विश्व कप टूर्नामेंट तक बढ़ा दिया गया था।

## इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम रोकने के लिए केंद्र का बड़ा एक्शन, बंद किए 392 मोबाइल हैंडसेट




नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने नागरिकों को इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम से बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसमें उन मोबाइल नंबरों को बंद कर दिया गया है, जिनके जरिए इस फ्रॉड को अंजाम दिया जा रहा था। दूरसंचार विभाग (डीओटी) की ओर से धोखाधड़ी की गतिविधियों की जांच करने के लिए चक्षु पोर्टल का इस्तेमाल किया गया और शुरुआत में करीब पांच संदिग्ध मोबाइल नंबर को खोजा गया।

एआई आधारित इस पोर्टल से खुलासा हुआ कि 392 हैंडसेट से लिंक 31,740 मोबाइल नंबरों के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद डीओटी की ओर से सभी टेलीकॉम कंपनियों को आदेश दिया गया कि इन 392 हैंडसेट के आईएमईआई को ब्लॉक किया जाए। इनका इस्तेमाल साइबर क्राइम और वित्तीय धोखाधड़ी में हो रहा है।

इसके अलावा टेलीकॉम सेवाएं देने वाली कंपनियों से कहा गया कि इन 31,740 मोबाइल नंबरों का दोबारा से री-वेरिफिकेशन किया जाए। अगर री-वेरिफिकेशन फेल होता है तो इन मोबाइल नंबरों को तुरंत बंद किया जाए और साथ ही इनसे जुड़े हैंडसेट को ब्लॉक करें।

डीओटी की ओर से कहा गया कि नागरिकों की ओर से एसएमएस, व्हाट्सएप आदि के जरिए इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम की जानकारी दी गई थी। इसमें जालसाज ग्राहकों के मोबाइल फोन पर कंट्रोल हासिल कर लेते थे।

डीओटी के संचार साथी पोर्टल पर मौजूद चक्षु रिपोर्ट सस्पेक्टेड फ्रॉड कम्युनिकेशंस' पर नागरिक संदिग्ध फ्रॉड को रिपोर्ट कर सकते हैं। इससे डीओटी को वित्तीय और साइबर फ्रॉड को रोकने में मदद मिलती है।

***नीट में 0.001 फीसदी भी लापरवाही ...***

यूजी 2024 को रद्द करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष अदालत ने नीट परीक्षा में देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूरी दी थी। पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की (ग्रेस अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा कराने की) याचिकाओं पर केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद यह अनुमति दी थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने तब यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रकार से नई रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

***कोल कारोबारी और रोड कांस्ट्रेक्टर की हत्या ...***

वहीं रायपुर और छत्तीसगढ़ के कितने कारोबारियों इनके निशाने में हैं, इन्हीं सब की जानकारी प्राप्त करने पुलिस ने अमन को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अन्य मामलों को लेकर भी पूछताछ- अमन साहू ने दो वर्ष पूर्व लेवी वसूल करने कोल कारोबारी के शंकर नगर स्थित कार्यालय में शूटरों के माध्यम से फायरिंग की घटना को अंजाम दिलवाया था। इसके पूर्व अमन के गुर्गों ने कोरबा में भी कोल कारोबारी के कार्यलय के पास हवाई फायरिंग की थी। वहीं अब यह तीसरी बार वारदात करने पहुंचे थे। तीनों मामलों में अमन साहू से पूछताछ की जाएगा। वहीं अमन के गुर्गों ने रोड कांट्रेक्टर से लेवी वसूल करने उसे डराने के उद्देश्य से पिछले वर्ष बोकारो में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। उस मामले की जांच पहले से झारखंड पुलिस कर रही है।

## प्रथम पेज का शेष ....

***मुख्यमंत्री श्री साय दिखे किसान...***

इसलिए उन्होंने समय पूर्व ही अधिकारियों को खाद बीज की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की जरूरतों के अनुरूप कृषि अदानों की व्यवस्था करने और टेक्नोलॉजी का अधिक प्रयोग करते हुए उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया था।

***देश भर में 41 हवाईअड्डों और कई ....***

गतिविधियों को निर्बाध रूप से जारी रखा गया। नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को बम की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद वहां गहन सुरक्षा जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे मेल के मद्देनजर हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (एएआइ) को नागपुर हवाई अड्डे पर बम की धमकी वाला एक ई-मेल मिला, जिसकी सूचना दोपहर करीब दो बजे नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को दी गयी। मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि मुंबई में जसलोक हॉस्पिटल, रहेजा हॉस्पिटल, सेवन हिल हॉस्पिटल, कोहिनूर हॉस्पिटल, केईएम हॉस्पिटल, जेजे हॉस्पिटल, सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल समेत 50 से ज्यादा अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे ईमेल वीपीएन नेटवर्क का उपयोग करके भेजे गए हैं। प्रेषक की पहचान और धमकी का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है।

***लोगों को जगाना है सिकलसेल को भगाना है ...***

इस दिशा में तेजी से स्क्रीनिंग का कार्य और स्क्रीनिंग पश्चात् जिन लोगों को इस रोग के उपचार की आवश्यकता हो, उन्हें दवा, उपचार, परामर्श और सतत सहयोग देने के लिए राज्य शासन दृढ़ संकल्पित है।

विभागीय मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सिकलसेल जागरूकता और परीक्षण एक प्रमुख कार्यक्रम है जो आदिवासी हितों की रक्षा करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के अन्य रहवासियों की भी जीवन रक्षा में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस घातक रोग की रोकथाम, प्रबंधन एवं जनजागरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इसके लिए सभी सेवाभावी संस्थाओं और स्वैच्छिक संगठनों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु आव्हान किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग में इसकी तैयारी करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर, सहायक आयुक्त एवं परियोजना प्रशासकों को पूर्व में ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी अपने प्रभार के जिलों से लगातार संपर्क में हैं, ताकि इस दिवस को आम जनता विशेषकर अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य लक्षित वर्गों में सिकलसेल बीमारी के उन्मूलन हेतु प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता अभियान चलाया जाकर इस रोग के उन्मूलन हेतु ठोस प्रयास किये जाएंगे। इसी कड़ी में जिलों में बैनर, पोस्टर, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सिकलसेल के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

ज्ञातव्य है कि सिकलसेल एक आनुवांशिक रोग है। इसमें मानव रक्त में उपस्थित गोलाकार लाल रक्त कण (हीमोग्लोबिन) हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं जिसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा मे ऑक्सीजन पंहुचने का काम बाधित होता है। ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। इसलिए समय पर इसका ईलाज बहुत जरूरी है। इस बीमारी की रोकथाम हेतु आम जनता को जागरुक करने एवं उपचार हेतु प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकलसेल दिवस मनाया जाता है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा भी इसके सफल आयोजन हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रदेश में इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से व्यापक रूप से स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश के 33 जिलों के कुल 33000 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा 186 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से 3600 हितग्राहियों को 795 प्राथमिक केन्द्रों के माध्यम से 8000 हितग्राहियों को तथा 4000 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से 8000 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ-साथ विभागीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, विभागीय छात्रावास-आश्रमों तथा अन्य आवासीय विद्यालयों में भी सिकलसेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न जिलों में इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमले आम जनता विशेषकर लक्षित वर्गों/समुदायों में जागरुकता लाने प्रयास करेंगे, जो इस बीमारी की रोकथाम के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभागीय अमले को प्रदेश में सिकलसेल उन्मूलन के लिए व्यापक रूप से स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा कार्ययोजना बनाकर सभी जिलों में सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ और पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में सिकलसेल बीमारी की अधिक से अधिक जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि इस बीमारी का उन्मूलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2024 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इस कड़ी में सिकलसेल उन्मूलन मिशन का आगाज 2023 में किया गया है और इसके उन्मूलन का कार्य 2047 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि, पंचायत, ग्राम सभा, सभी समुदाय के लोग, स्थानीय निकाय, एनजीओ, चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ, शिक्षक सहित सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को 2047 से पहले ही प्राप्त करने प्रयास किया जाएगा।

# 'ठहरने' वाला है चंद्रमा...



18.6 साल बाद आसमान में दिखेगा अनोखा नजारा बहुत जल्द आसमान में ठहरने वाला है चंद्रमा. ऐसा हर 18.6 साल बाद होता है. यानी चांद क्षितिज पर सबसे ज्यादा दूरी से उदय और अस्त होगा. इन दोनों प्राकृतिक घटनाओं के बीच का समय बढ़ जाएगा. इतना ही नहीं यह आसमान में सबसे ऊंचे और सबसे निचले प्वाइंट पर भी जाएगा. 8 अप्रैल 2024 को पूर्ण सूर्य ग्रहण हुआ था. इसके बाद अंतरिक्ष में दुनियाभर को नॉर्दन लाइट्स यानी अरोरा बोरियेलिस दिखाई पड़े. अब साल 2006 के बाद आसमान की ओर निहारने वालों और वैज्ञानिकों को स्टडी करने का एक शानदार मौका मिल रहा है. जब चंद्रमा क्षितिज पर सबसे दूर उत्तरी इलाके में उदय होगा. सबसे दूर दक्षिणी इलाके में अस्त होगा. चंद्रमा हर 18.6 साल के बाद अपने सबसे ऊंचे और निचले प्वाइंट्स पर पहुंचता है. 18.6... असल में चंद्रमा के घुमाव का एक समय चक्र है. इसकी वजह ये है कि सूरज की तरह चंद्रमा एक ही रास्ता नहीं अख्तियार करता. अगर आप क्षितिज पर चंद्रमा के उगने और अस्त होने की पोजिशन देखो तो यह लगातार बदलती रहती है. चंद्रमा, धरती के झुकाव का नतीजा है ये नजारा सौर मंडल जब फ्लैट महसूस होता है. तब सभी ग्रह सूर्य की साथ एक ही प्लेन में रहते हैं. इसे एकिलीप्टिक कहते हैं. धरती अपने अक्ष यानी धुरी पर 23.4 डिग्री झुकी हुई है. जबकि एकिलीप्टिक की स्थिति में ऐसा नहीं माना जाता. इसलिए सूरज के उगने और अस्त होने का कोण 47 डिग्री होता है.

# जल्द ही दिखेगा आसमान में 'स्ट्रॉबेरी मून' 21 को साल का सबसे लंबा दिन



21 जून को जहां साल का सबसे लंबा दिन होगा, वहीं पूर्णिमा की रात को आसमान में बेहद खूबसूरत चांद नजर आएगा। आइए जानते हैं कि आसमान में यह दुर्लभ नजारा कहां और कैसे दिखेगा? 21 जून दिन शुक्रवार दुनियाभर के लिए सबसे खास दिन साबित होने वाला है। इस दिन पूर्णिमा की रात है। ज्योतिष शास्त्र और खगोल शास्त्र के अनुसार, इस तारीख को जहां दिन सबसे लंबा होगा, वहीं रात को आसमान में काफी दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। एक प्रकार का चमत्मकार होगा, जिसे लोग खुली आंखों से देख पाएंगे। इस दिन दुनिया को रात को आसमान में `स्ट्रॉबेरी मून' नजर जाएगा। चांद हल्के गुलाबी रंग का होगा और इस दिन से यूरोप और अमरीका में गर्मी के मौसम की शुरुआत हो जाएगी। यूरोप महाद्वीप की नॉर्थ कंट्रीज में उगते समय चंद्रमा लाल रंग का दिखाई देगा। ऐसा होने की संभावना तब अधिक होती है, जब चंद्रमा



आकाश में काफी नीचे दिखाई देता है। ऊपर चढ़ते हुए यह गुलाबी रंग का होगा। नासा ने इस चमत्कार के होने की पुष्टि की है। स्ट्रॉबेरी मून कब और कहां उदय होगा? स्ट्रॉबेरी मून शुक्रवार 21 जून को की रात को 9:07 बजे अपने हाई पॉइंट पर होगा, जो साल का सबसे लंबा दिन भी है। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 97प्रतिशत रोशनी के साथ यह गुरुवार की रात को करीब 7:45 बजे जगमगाएगा। शुक्रवार को रात लगभग 8:50 बजे जगमगाते समय इसकी रोशनी 100प्रतिशत होगी। शनिवार को भी यह रात्रि 9:45 बजे तक 100त्न रोशनी से जगमगाएगा। इस दौरान बाकी की दुनिया में भी लोगों को 3 दिन तक फुल मून नजर आएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा रात करीब 9.35 बजे उदय होगा। सुबह 5.26 बजे अस्त हो जाएगा। 21 जून को सूर्य सुबह 5.21 बजे उदय होगा और रात के करीब 9.03 बजे अस्त होगा। इसका मतलब यह हैकि पूरे दिन में सूर्य 15 घंटे 41 मिनट तक दिखाई देगा। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा धरती के काफी नजदीक होता है, इसलिए काफी बड़ा और चमकदार नजर आएगा। स्ट्रॉबेरी मून किसे कहते हैं? आध्यात्मिक परंपराओं के अनुसार, स्ट्रॉबेरी मून प्रेम-पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक है। यह जीवन की मिठास का आनंद लेने और चारों ओर बहने वाली सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने का समय है। यह दुर्लभ घटना 19 से 20 साल में एक बार ही होती है। पुरानी मान्यताओं के अनुसार, जून महीने में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू हो जाती है। इसी महीने में स्ट्रॉबेरी मून नजर आता है, इसी वजह से पूर्णिमा की रात दिखने वाले चांद का नाम स्ट्रॉबेरी मून नाम पड़ा। सिर्फ अमरीका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में चंद्रमा हल्के गुलाबी रंग का ही दिखाई देगा। जून महीने में पूर्णिमा के दिन होने वाली घटना को यूरोपीय नामों मीड या हनी मून और रोज मून भी कहा जाता है।

# खुल गया ब्रह्मांड का राज!



**अंतरिक्ष और समुद्र दोनों ही कितने ही अनसुलझे रहस्यों से भरे हुए हैं। अब वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च की है जिसमें पता चला है कि मंगल यानी मार्स और धरती यानी अर्थ के बीच बेहद खास कनेक्शन है। यह कनेक्शन धरती के जलवायु को भी प्रभावित करता है। इस रिपोर्ट में जानिए क्या है यह कनेक्शन और इसका धरती पर क्या असर पड़ता है।**

मारी धरती और मंगल गृह यानी मार्स के बीच की दूरी भले ही 14 करोड़ मील की हो, लेकिन वैज्ञानिकों ने इन दोनों गृहों के बीच एक खास कनेक्शन ढूंढ निकाला है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के शोधार्थियों ने हमारे ग्रह के गहरे समुद्रों में चल रहे 24 लाख साल पुराने विशाल व्हर्लपूल के साइकिल का पता लगाया है।

रिसर्चर्स की मानें तो ये साइकिल 4 करोड़ साल से भी ज्यादा समय से चल रहे हैं। इस अंडरवाटर सर्कुलेशन का कनेक्शन धरती और मंगल के बीच होने वाले ग्रेविटेशनस इंटरैक्शंस से जुड़ा हुआ है। यह ग्रह हमारी धरती को हर कुछ करोड़ साल में सूर्य के पास खींचता है।

### रिसर्च के लिए समुद्र के तल पर किए 370 छेद

दोनों गृहों के बीच का यह तालमेल धरती के क्लाइमेट को प्रभावित करने के लिए काफी है। रिसर्चर्स को पता चला है कि इन साइकिल्स के दौरान सोलर एनर्जी में इजाफा हुआ है और मौसम में गर्मी बढ़ी है। धरती और मंगल के बीच कनेक्शन का पता लगाने के लिए रिसर्चर्स की टीम ने धरती पर मौजूद विभिन्न समुद्रों में 370 गहरे छेद किए थे।

समुद्र तल के सैंपल में सामने आई ये जानकारी

समुद्र के तल पर सेडिमेंट्स (तल छट) का विश्लेषण करने के लिए लिए गए सैंपल्स ने साइकिल्स का कमजोर और मजबूत होना दिखाया। इससे संकेत मिला कि गहराई में कितने विशाल सर्कुलेशन चल रहे हैं। रिसर्च की लीड डॉ. एड्रियाना ने कहा कि हम इसे देखकर हैरान थे। उन्होंने कहा कि इसे एक्सप्लेन करने का केवल एक रास्ता है, ये मार्स और अर्थ के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से जुड़े हुए हैं। दोनों ग्रहों के बीच इस क्रिया को च्रेजोनेंसज् कहते हैं। इसका मतलब है सूर्य की परिक्रमा कर रहे दो ऑब्जेक्ट्स का गुरूत्वाकर्षण बल का इस्तेमाल करते हुए एक दूसरे को खींचना।

### किसी गृह से कनेक्शन का पहली बार पता चला

बता दें कि चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल के चलते होने वाले खिंचाव से ज्वार-भाटा उठता है।

लेकिन इस स्टडी में यह पहली बार पता चला है कि किसी ग्रह का गुरुत्वाकर्षण बल भी धरती को प्रभावित कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये नई खोज कई रहस्य सुलझाने में मदद करेगी। शोधार्थियों के अनुसार पुराने समय में समुद्रों के गर्म होने के पीछे इन व्हर्लपूल्स का बड़ा हाथ था।

# ब्रह्मांड में अस्तित्व में आया एक नया सितारा



ब्रह्मांड में चमत्कार हुआ है। जल्दी ही दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। एक नए सितारे ने जन्म लिया है, जो आकाश में प्रज्जवलित होने के लिए तैयार है। इस तारे का वैज्ञानिक नाम टी कोरोना बोरियालिस है और आम भाषा में इसे क्रद्यड्ढ5द्र कहा जाएगा। यह तारा सितंबर तक कभी भी अस्तित्व में आ जाएगा। इस तारे का जन्म नोवा विस्फोट से होगा। 1946 के बाद पहली बार एक धुंधला तारा सौरमंडल से 3,000 प्रकाश वर्ष दूर नजर आएगा। नासा के नोवा विशेषज्ञ डॉ. रेबेका हैन्सेल ने इसके बारे में कहना है कि जल्दी ही एक भयानक नोवा विस्फोट होने वाला है। विस्फोट के बाद उत्तरी गोलार्ध में हरक्यूलिस और बूटेस तारामंडल के बीच तारा नजर आएगा, जो 80 साल के बाद गायब भी हो जाएगा। इस तारे को बनते हुए नासा के वैज्ञानिक देख पाएंगे। नंगी आंखों से देखा जा सकेगा तारा नासा वैज्ञानिकों के अनुसार, नया तारा इतना चमकीला होगा कि उसे कई दिन तक नंगी आंखों से देखा जा सकेगा। इसकी चमक पोलारिस के समान होगी और यह 48वां सबसे चमकीला तारा होगा। ब्लेज तारे को उत्तरी गोलार्ध में बसंत ऋतु में और दक्षिणी गोलार्ध में गर्मियों और सर्दियों में देखा जा सकेगा। जुलाई के महीने में यह सबसे साफ नजर आएगा। यह 2 चमकीले सितारों वेगा और आर्कटुरस और 2 बड़े नक्षत्रों के बीच होगा। इस नए तारे को रात में तब देखा जा सकेगा, जब आसमान साफ होगा। यह तारा लाल रंग का, बहुत ठंडा और विशालकाय होगा, जो एक विस्फोट के साथ 80 साल बाद लुप्त हो जाएगा। वैज्ञानिकों का दावा है कि 5 या 6 अरब साल बाद सूर्य भी बूढ़ा हो जाएगा। इसमें भयानक विस्फोट होगा, जो सौर मंडल के सभी ग्रहों को नष्ट कर देगा, लेकिन पृथ्वी के साथ क्या होगा? इसके बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

दूरबीन या टेलीस्कोप से पास नजर आएगा वैज्ञानिकों के अनुसार, अगर तारे की पहचान सीधे न हो पाए तो उत्तर पूर्व की दिशा में देखें। यहां एक चमकीला तारा नजर आएगा।

उससे थोड़ा आगे एक और चमकीला तारा दिखेगा। इस दोनों के बीच 7 सतारों की धुंधली-सी रेखा मिलेगी। इस रेखा के उत्तरी शिखर पर लाल रंग का ब्लेज तारा नजर आएगा। एक बार इसे तलाश लेंगे तो फिर अपने आप पहचान जाएंगे, क्योंकि यह अब तक के सबसे चमकीले तारों में से एक होगा। अगर तारे को नंगी आंखों से देखने की बजाय दूरबीन या छोटे टेलिस्कोप से देखेंगे तो यह बिल्कुल साफ और बहुत करीब नजर आएगा। धरती के नजदीक होने से नंगी आंखों से दिखेगा बता दें कि एक तारे के निर्माण में 80 साल लगते हैं।

इस तरह का तारे को पहली बार 800 साल पहले 1217 में देखा गया था, जो जर्मनी के उर्सबर्ग शहर में बुरचार्ड नाम स्पेस साइंटिस्ट ने दिखा था। उसी पैटर्न के अनुसार, तारा 1866 और 1947 में अस्तित्व में आया। साल 2015 में भी वैज्ञानिकों ने एक ऐसे तारे को चमकते हुए देखा था, लेकिन मार्च महीने में यह लुप्त हो गया। इस बार नोवा विस्फोट होगा, जो पिछले विस्फोटों से 600 गुना ज्यादा चमकीला होगा। क्योंकि इस बार का तारा धरती के काफी नजदीक होगा, इसलिए इसे नंगी आंखों से देखना संभव होगा।

# वैज्ञानिकों को मिला सुपर अर्थ



सौर मंडल में पृथ्वी जैसा एक नया ग्रह मिला है, जो धरती से दोगुने आकार का है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने एक तस्वीर जारी की है, जिसमें नए ग्रह की छवि देखी जा सकती है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को 55 क्रैनक्री ई नाम दिया है। हालांकि धरती जैसा दिखने की वजह से इसे सुपर अर्थ भी कहा जा रहा है।

सुपर अर्थ का वायुमंडल बता दें कि जहां पृथ्वी का वायुमंडल नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और आर्गन जैसी गैस मौजूद हैं तो सुपर अर्थ का वायुमंडल कार्बन डाई ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड से बना है। जरनल नेचर में छपे एक लेख के अनुसार इस ग्रह पर वायुमंडल होना ही सबसे बड़ा सबूत है। इस नए ग्रह का नाम सुपर अर्थ रखने का कारण भी यही है कि ये पृथ्वी से बड़ा और नेपच्यून से छोटा है। सुपर अर्थ का बॉइलिंग टेम्प्रेचर 2,300 डिग्री सेल्सियस है।

### पृथ्वी से सुपर अर्थ की दूरी

वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपर अर्थ की खोज इस तरफ इशारा करती है कि चट्टानी सतह वाले घने वायुमंडल के ग्रह भी सौर मंडल में मौजूद हैं। ये एक्सोप्लैनेट धरती से 41 लाइट ईयर दूर है और 8 गुना ज्यादा भारी भी है। बता दें कि एक लाइट ईयर में 9.7 ट्रिलियन किलोमीटर होते हैं।

### सुपर अर्थ से मिलेगा सुराग

वैज्ञानिकों की मानें तो सुपर अर्थ की खोज काफी तथ्यों पर से पर्दा उठा सकती है। मसलन पृथ्वी और मंगल ग्रह की उत्पत्ती कैसे हुई? इस सवाल का जवाब सुपर अर्थ से मिल सकता है।

# क्या सच में माउंट एवरेस्ट है दुनिया की सबसे ऊंची चोटी?



बचपन से हम यही पढ़ते आए हैं कि माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है. इसलिए अगर आप किसी बच्चे से सबसे ऊंचे पर्वत के बारे में पूछेंगे तो उसका जवाब माउंट एवरेस्ट ही होगा. यह दुनिया का इतना मशहूर पर्वत है कि बहुत से लोग माउंट एवरेस्ट के अलावा शायद ही किसी और पर्वत का नाम जानते हों. यह कोई रहस्य नहीं है कि नेपाल के हिमालय का मुकुट माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत है. बचपन से यह हमारे दिमाग में इतना रचा-बसा है, जैसे- नील आर्मस्ट्रांग चांद पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति थे या ब्लू व्हेल दुनिया का सबसे बड़ा जानवर है.

अब आपके दिमाग के पर्दे खुलने का वक्त आ गया है, क्योंकि अगर हम कहें माउंट एवरेस्ट नहीं बल्कि दूसरे पहाड़ों को भी शायद दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का खिताब दिया जा सकता है तो कैसा रहेगा? यह कोई इत्तेफाक नहीं क्योंकि माउंट एवरेस्ट के अलावा दूसरे पहाड़ों को भी ऊंचा माना जा सकता है, बस आपको यह तय करना होगा कि आप उन्हें किस तरह मापते हैं. अलग-अलग मापदंडों के आधार पर, जैसे- समुद्र तल के हिसाब से सबसे ऊंची, बेस से टॉप तक सबसे ऊंची और पृथ्वी के केंद्र से सबसे दूर होने के आधार पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी को परखा जा सकता है.

करीब 9 किलोमीटर ऊंचा है माउंट एवरेस्ट हिमालय की महालंगूर हिमाल सब-रेंज में स्थित माउंट एवरेस्ट बेशक हमारे ग्रह के सभी पर्वतों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और आकर्षक है. माउंट एवरेस्ट को चोमोलुंगमा के नाम से भी जाना जाता है, जिसका तिब्बती में मतलब च्विश्व की देवी मां( है. एवरेस्ट पर पहली बार 29 मई, 1953 को नेपाल के शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने चढ़ाई की थी और तब से लगभग 4,000 लोग सफलतापूर्वक इस पर चढ़ चुके हैं. गार्जियन के अनुसार, 1922 में रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से इस पर्वत ने 300 से ज्यादा लोगों की जान भी ली है.रिसर्चर्स ने पिछले कुछ दशकों में माउंट एवरेस्ट को कई बार मापा है, लेकिन नवंबर 2021 में घोषित आकलन के अनुसार यह समुद्र तल से 29,031.69 फीट (8,848.86 मीटर) ऊपर है, जो लगभग 5.5 मील, यानी 8.8 किलोमीटर ऊंचा है. यह वाकई काफी ज्यादा ऊंचाई है. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का निर्धारण करते समय हम च्समुद्र तल से ऊपरज्ज् का इस्तेमाल क्यों करते हैं?

पहाड़ों को समुद्र तल से मापने का तरीका स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ हाइलैंड्स और आइलैंड्स में सेंटर फॉर माउंटेन स्टडीज के प्रोफेसर और फाउंडिंग डायरेक्टर मार्टिन प्राइस ने लाइव साइंस को बताया, मापने में तुलना करने के लिए, एक साफ बेसलाइन का होना जरूरी है.

ऐतिहासिक तौर पर और अब भी ऊंचाई को आमतौर पर औसत समुद्र तल से ऊपर की ऊंचाई के तौर पर बताया जाता है. हालांकि, यह एक मानक औसत समुद्र तल के तहत होना चाहिए, जिसे परिभाषित किया जाना चाहिए.

प्राइस बताते हैं कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में समुद्र का स्तर अलग-अलग है, और वे जलवायु परिवर्तन के कारण बदल रहे हैं.

# बियर से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी: महाराष्ट्र से ओडिशा जा रही थी 2400 पेटियां शराब

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बीच रायपुर नाका राम दरबार के पहले औरंगाबाद से उड़ीसा बियर केन भरकर जा रही ट्रक देर रात अनियंत्रित होकर पलट गई, घटना की सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और अपनी सुरक्षा के बीच सुबह एक अन्य ट्रक के माध्यम से नष्ट होने से बची बियर केन को गंतव्य के लिए रवाना किया।

औरंगाबाद से 2400 पेटी बियर केन भरकर उड़ीसा जा रही ट्रक देर रात लगभग 1 बजे राजनांदगांव शहर के राम दरबार चौक के समीप एक वाहन को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रक का पिछ्ला हिस्सा पूरी तरह उलट गया, जिससे ट्रक के भीतर रखी 24 सौ पेटियों में से सैकड़ों बीयर की केन फूट कर नष्ट हो गई। देर रात हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग और आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और ट्रक की सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए। वहीं आज सुबह अन्य ट्रक के माध्यम से सुरक्षित बचे बियर के केन को उड़ीसा के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची सहायक आबकारी अधिकारी कुसुमलता ने कहा कि यह परमिटेड गाड़ी थी और औरंगाबाद से उड़ीसा जा रही थी।

देर रात किसी वाहन को बचाते हुए ट्रक पलट गई। उन्होंने बताया कि ट्रक में 2400 पेटियों में बियर केन भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन अभी नहीं किया गया है, लेकिन काफी क्षति हुई है।


बीयर चुराकर भाग रहे लोगों को पकड़ा

> देर रात हुए हादसे की वजह से मौके पर ज्यादा भीड़ नहीं थी लेकिन सुबह होते ही बियर से भरी ट्रक पलटने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसमें कई शराब के शौकीन घंटों डटे रहे। इस दौरान पुलिस और आबकारी विभाग के जवानों ने मोर्चा संभाले रखा। सुबह हादसे के बाद सुरक्षित बचे बियर केन को मशक्कत के बाद छटनी करके दूसरे ट्रक के माध्यम से उड़ीसा के लिए रवाना किया गया। इस हादसे में लाखों रूपये के नुकसान की संभावना है।
>
> **- कुसुमलता, सहायक आबकारी अधिकारी**

# एडमिशन के बाद सीट छोड़ने पर कालेज को वापस करनी होगी फीस, यूजीसी ने जारी किया आदेश

राजनांदगांव (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षा सत्र 2024-25 की प्रवेश मार्गदर्शिका जारी कर दी गई है। प्रदेश के कुछ विश्वविद्यालय और कालेजों में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। कई कालेजों में प्रवेश भी हो रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भी रिफंड पालिसी जारी कर दी है। इसके अनुसार कालेजों में प्रवेश लेने वाले छात्र किसी कारणवश अपनी सीट छोड़ते हैं तो कालेज प्रबंधन को फीस वापस करना पड़ेगा।

छात्र 30 सितंबर तक सीट छोड़ते हैं तो विश्वविद्यालय और कालेज प्रबंधन उन्हें पूरा शुल्क वापस करेंगे। 31 अक्टूबर तक सीट छोड़ने पर एक हजार प्रोसेसिंग फीस काटकर शेष राशि वापस करना होगा। अगर कोई विश्वविद्यालय अथवा कालेज नियमों का उल्लंघन करते हैं तो उन संस्थानों पर जुर्माना से लेकर मान्यता रद्द करने तक प्रविधान रखा गया है। यूजीसी ने सभी शिक्षण संस्थानों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक यदि कोई शिक्षण संस्थान नियमों का उल्लंघन करता है तो छात्र या अभिभावक यूजीसी को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इसके साथ ही यूजीसी ने कहा है कि जिन संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया 31 अक्टूबर के बाद भी जारी रहती है, तो नामांकन की अंतिम तिथि से 15 दिन पहले आवेदन करने वाले छात्रों की 100 प्रतिशत फीस वापस करनी होगी।

### शुल्क की पूरी जानकारी करनी होगी साझा

यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय और कालेजों को नामांकन से लेकर शुल्क लेने तक सभी प्रक्रियाओं में पूरी तरह से पारदर्शिता होनी चाहिए। विश्वविद्यालय की रैंकिंग बताना जरूरी है। साथ ही प्रवेश के लिए जो नियम बनाए गए हैं उन पर किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। इसे अलावा विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति के बारे में भी छात्रों को पता होना चाहिए। विश्वविद्यालय की वेबसाइट में पाठ्यक्रम, प्रवेश की समय सारणी, नियम, शुल्क, फीस रिफंड पालिसी, खेल सुविधाा, छात्रावास की जानकारी, प्लेसमेंट जैसी जरूरी जानकारी छात्रों के साथ साझा करना होगा।

### विश्वविद्यालय यूटीडी में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 से

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशाला यानी यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जून से शुरू हो रही है। जो 21 जून तक चलेगी। इसके अनुसार एमए, एमएससी के अलावा इस बार एमकाम में भी एडमिशन दिए जाएंगे। इसके अलावा बीए. एलएलबी समेत अन्य कोर्स में भी प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पहले ही आवेदन मंगवा चुके हैं।

# श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पास हितग्राहियों की करोड़ों की राशि बैंक में अटकी

## हितग्राही राशि पाने श्रम विभाग व बैंक के लगा रहे चक्कर




राजनांदगांव (दावा)। सरकार द्वारा गरीब महिला व दिव्यांग लोगों के सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ संबंधित हितग्राहियों को मिलता है। उक्त योजनाओं के लाभ के लिए श्रम विभाग में पंजीकरण होना जरूरी है। इन पंजीकृत लोगों द्वारा सम्बंधित योजना के लाभ के लिए श्रम विभाग में आवेदन दिए जाने के उपरांत पास होने पर उक्त योजना से संबंधित लाभ के लिए राशि बैंक में भेज दी जाती है। लेकिन श्रम विभाग द्वारा चेक के भाध्यम से भेजे गए बैंक में लाभावित होने वाले हितग्राही का उसके बैंक का सही खाता नं. दर्ज नहीं होने के कारण श्रम विभाग को चेक वापिस कर दिया गया है। इसके कारण कई लोगों के उनके अपने बैंक में उक्त योजना से सम्बंधित राशि नहीं आ पाई है। इस से हितग्राहियों को श्रम विभाग से लेकर सम्बंधित बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

### सरकार की योजनाएं

बता दे कि गरीब महिलाए व दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण व सहयोग के लिए छात्रवृत्ति सहायक योजना, मेद्यावी छात्र सहयोग योजना, मृत्यु संबंधी सहायता योजना महिलाओं के लिए प्रसूति सहायता, नोनी सहायता, कोचिंग सहायता सिलाई मशीन औजार खरीदने सम्बंधी सहायता, सायकल आदि सहायता सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग व सहायता सम्बंधी योजना का संचालन किया जा रहा है।

इसके लिए हितग्राहियों द्वारा श्रम विभाग में आवेदन किया गया है जिसके होने उपरांत उक्त सम्बंधित योजना की राशि चेक के माध्यम से कलेक्ट्रेट शाखा की एसबीआई बैंक को भेज दी गई है। लेकिन उक्त बैंक में कई हितग्राहियों के उनके स्वयं के बैंक का खाता नम्बर नहीं मिलने के कारण पुनः श्रम विभाग को उक्त चेक वापिस कर दिया गया है। इससे सम्बंधित योजना के हितग्राहियों को 3-4 माह बीत जाने के उपरांत भी उक्त राशि उनके खाते में नहीं आ पाई है। इससे हितग्राहियों को सम्बंधित बैंक व श्रम विभाग का दसियों चक्कर लगाने पड़ रहे है।

### दस हजार से ज्यादा लाभार्थी

श्रम विभाग के रत्नाकर माटे से मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों ने सम्बंधित योजनाओं के तहत आवेदन पेश किए थे। उनका उक्त योजना से सम्बंधित आवेदन पास हो जाने उपरांत सम्बंधित राशि का चेक एसबीआई कलेक्ट्रेट शाखा को भेज दिया गया है। इसमें लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की संख्या लगभग 11 हजार के करीब है। चूंकि बैंक के पास लाभार्थी हितग्राहियों के अपने बैंक के खाते का नम्बर दर्ज नहीं होने अथवा एक-दो नम्बर मिस होने के कारण एसबीआई बैंक हितग्राही के बैंक में सम्बंधित राशि भेज नहीं पा रहा है। इसलिए उक्त राशि का चेक पुनः श्रम विभाग को लौटा दिया गया है।

स्टेट बैंक आफ इंडिया (कलेक्ट्रेट शाखा) के मैनेजर विनित वास्की ने बताया कि सरकार की उक्त योजना से सम्बंधित चेक की राशि हितग्राही के खाते से मिलान नहीं होने के कारण चेक वापिस श्रम विभाग को लौटा दिया गया है। हितग्राही चाहे तो अपने बैंक जाकर स्टेटस के साथ मिलान कर सकते है उन्होंने बताया कि यह सभी हितग्राहियों के साथ नहीं हुआ जिनके खातों का मिलान हितग्राहियों के सम्बंधित बैंक से हुआ है। वहा राशि भेज दी गई है।

### नाम छांटने में हो रही दिक्कत

श्रम विभाग वालों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत संबंधित हितग्राहियों के नाम पते व उनके बैंक एकाउण्ट को छाटने को लेकर है। लगभग 11 हजार के करीब चेक बैंक को भेजे गए है जिसमें से कई हितग्राहियों की चेक की राशि उनके बैंकों तक नहीं पहुंच पाई है। इससे वे हितग्राही श्रम विभाग में चढ़ाई कर रहे है। इधर श्रम विभाग ने अपना काम सही कर हितग्राहियों की राशि चेक माध्यम से कलेक्ट्रेट शाखा वाले बैंक तक भेज दी है। लेकिन श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों से संबंधित बैंक का एकाउण्ट नम्बर कलेक्ट्रेट शाखा के एसबीआई बैंक को नहीं भेजे जाने से सरकारी योजना के हितग्राहियों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। कहा जा रहा है कि कलेक्ट्रेट शाखा बैंक द्वारा जिन हितग्राहियों के वापिस भेजे गए चेक एकाउण्ट नं. का मिलान किया जाएगा। इसके लिए सप्ताह भर का समय लग सकता है। बता दे कि सरकार द्वारा संचालित उपरोक्त योजना के तहत किसी हितग्राही का पांच हजार, दस हजार, डेढ़ हजार आदि लगभग राशि पास हुआ है। लेकिन खाता नम्बर स्पष्ट नहीं होने के कारण उक्त योजना की राशि उसके खाते में ट्रांसफर नहीं हो पा रही है। अब देखना यह है कि चेक लौटाए जाने के बाद श्रम विभाग कब तक जांचकर हितग्राहियों के खाते में उक्त राशि भेजने का मार्ग प्रशस्त करती है।

# आज सांसद संतोष पाण्डेय की आभार रैली



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय इन दिनों संसदीय क्षेत्र में आभार प्रकट करने स्थान-स्थान पर रैलियां व सभाएं कर रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 19 जून को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों का आभार व्यक्त करने रैली निकाली जायेगी।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आभार रैली बालाजी मंदिर के पास पुराना गंज चौक से दोपहर 03.00 बजे प्रारंभ होगी, जो तिरंगा चौक, भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक, पुराना अस्पताल होते हुये गुरुद्वारा तक जायेगी। इस दौरान श्री पाण्डेय व उनके काफिले का मामा-भांजा मजार के सामने अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा, तिरंगा चौक में किराना व्यापारी संघ द्वारा, भारत माता चौक में सराफा व्यापारियों के द्वारा, सिनेमा लाइन में व्यापारी प्रकोष्ठ की ओर से, मानव मंदिर चौक में युवा मोर्चा की ओर से, कृष्णा फुटवियर के सामने हिन्दू जागरण मंच व राजा माखीजा की ओर से व गुरुद्वारा के पास गुरुद्वारा कमेटी व जिला परिवहन की ओर से स्वागत किया जायेगा। विज्ञप्ति में भाजपा कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा, उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व समस्त मोर्चा-प्रकोष्ठो ने की है।

# बाल कलाकार प्रतिष्ठा सिंगाड़े को बेस्ट एक्टिंग अवार्ड



राजनांदगांव (दावा)। आल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला (हिमाचल प्रदेश) द्वारा आयोजित 69वीं नाट्य प्रतियोगिता में राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत नाटक 'कटे हाथ' के बाल कलाकार प्रतिष्ठा सिंगाड़े को बेस्ट एक्टिंग अवार्ड दिया गया। दोनों बच्चों को कलेक्टर संजय अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रूपम साहू का सुयश




राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों मुम्बई के सभागार मे इंटरनेशनल स्पोर्ट आफ मैनेजमेंट के ग्रेजुएशन में उत्तीर्ण भारत वर्ष के सफल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान किया गया। जिसमें उच्च शिक्षाविद् व 155 विद्यार्थी कि गरिमामय उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ से दो विद्यार्थी को डिग्री प्रदान किया गया। एक राजनांदगांव और दूसरा भिलाई रहा। राजनांदगांव से रुपम साहू पिता नंदूराम साहू को इंटरनेशनल स्पोर्ट आफ मैनेजमेंट का ग्रेजुएट डिग्री प्रदान किया गया। रूपम साहू के पिता नन्दूराम साहू विश्वहिन्दू परिषद का प्रांत सहमंत्री व कृषक है। माता श्रीमती पूर्णिमा साहू पूर्व पार्षद व भाजपा प्रदेश में कार्यसमिति सदस्य है।

# नगर निगम के दो घूसखोर इंजिनियर्स गिरफ्तार, पूर्व पार्षद से बिल के एवज में मांग रहे थे 35 हजार

## रिश्वत लेते दो अफसर को एसीबी ने किया गिरफ्तार



रायपुर (दावा)। रिश्वतखोरी मामले में एक और बड़ी कार्रवाई की खबर है। कोरबा में एसीबी की टीम ने ठेकेदार से रिश्वत लेते दो अफसरों को रंगे हाथों पकड़ा है। एसडीओ और सहायक अभियंता की गिरफ्तारी हुई है। मामला नगर निगम कार्यालय जोन दर्री का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक निगम के एसडीओ डीसी सोनकर ने ठेकेदार से निर्माण कार्य से सम्बंधित रनिंग बिल व फाइनल बिल की राशि करीब 21 लाख रुपये भुगतान के एवज में 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी।

जानकारी के मुताबिक कमीशन की राशि करीब 42000 रुपये थी। मामले में कई बार बिल भुगतान के पास ठेकेदार ने चक्कर लगाये, लेकिन ठेकेदार के बिल का भुगतान नहीं हुआ। जिसके बाद इसकी शिकायत ठेकेदार ने एसीबी बिलासपुर में की।

एसीबी ने जब अपने स्तर से मामले की जांच की, तो शिकायत सही पायी गयी। जिसके बाद एसीबी ने अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार करने की तैयारी की। इधर अधिकारी ने घूस की राशि को 42000 से घटाकर 35000 कर दी। तय प्लानिंग के मुताबिक ठेकेदार अधिकारी डीसी सोनकर को रिश्वत रकम 35000 रुपये देने निगम कार्यालय कोरबा गया। अधिकारी ने चालाकी दिखाते हुए घूस की रकम खुद नहीं लेकर अपने सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार को देने के लिए कहा। जब ठेकेदार दर्री जोन कार्यालय में पहुंचा, तो वहां सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार ने रिश्वत की रकम ले ली।

जिसके बाद देने हेतु प्रार्थी को कहा जिस पर प्रार्थी द्वारा आरोपी देवेंद्र को रिश्वत रकम जैसे ही ली। एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। दोनों अरोपी को अभिरक्षा में लेकर उनके विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# उदयाचल परिवार की मुख्यमंत्री से भेंट, त्रिनेत्र योजना एवं सीड बॉल योजना की प्रशंसा की



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास स्थान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उदयाचल परिवार ने भेंट किया एवं मुख्यमंत्री को जिलाधीश एवं एस.पी. के प्रेरणा एवं जन सहयोग से छत्तीसगढ़ की पहली त्रिनेत्र योजना (शहर के सभी जगह सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाना जिससे शहर में अपराध एवं चोरी कम होगी। अपराधी को पकड़ने में सहायता मिलेगी।) के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। जिसे मुख्यमंत्री एवं विधायक ने तारीफ की। डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री से उदयाचल परिवार का परिचय कराया एवं पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने उदयाचल हास्पिटल सीड बॉल योजना, उदयाचल पक्षी विहार, योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सेवा कार्यो से प्रभावित होकर उदयाचल आने का वादा भी किया। उदयाचल परिवार के तरफ से पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उत्तमचंद जैन, राजेन्द्र बाफना, शरद अग्रवाल उपस्थित थे। यह उपरोक्त जानकारी पीआरओ बालचंद पारख ने दी।

# किसानों और ग्रामीणों के सच्चे साथी बनेंगे दामिनी और मेघदूत

राजनांदगांव (दावा)। किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है।

**मेघदूत एप्प से मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी, दामिनी एप्प आकाशीय बिजली के कहर से बचाएगी**




किसान भाई मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों एप्प को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को राजस्व विभाग और अन्य विभागों के मैदानी अमले के माध्यम से इन दोनों ही एप्प का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए गए हैं। खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है।

मेघदूत एप्प के माध्यम से किसान भाई मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, इसके कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचनाएं प्राप्त होती है। इन घटनाओं में कमी लाने और लोगों को सचेत करने के लिए दामिनी एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के माध्यम से 20 से 31 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल जाएगा। इससे पशुहानि और जनहानि को रोकने में मदद मिलेगी।

### ऐसे बनती है आकाशीय बिजली

जब ठंडी हवा संघनित होकर बादल बनती है तब इन बादलों के अंदर गर्म हवा की गति और नीचे ठंडी हवा के होने से बादलों में धनावेश (पॉजिटिव चार्ज) ऊपर की ओर एवं ऋणावेश (निगेटिव चार्ज) नीचे की ओर होता है। बादलों में इन विपरीत आवेशों की आपसी क्रिया से विद्युत आवेश उत्पन्न होता है।

इस प्रकार आकाशीय बिजली उत्पन्न होती है। फिर धरती पर पहुंचने पर आकाशीय बिजली बेहतर चालक को तलाशती हैं, जिससे वह गुजर सके। इसके लिए धातु और पेड़ उपयुक्त होते हैं। बिजली अक्सर इन्हीं माध्यमों से पृथ्वी में जाने का रास्ता चुनती है। इसलिए बरसात के दिनों में लोग बिजली के खंभों, पेड़ों और धातुओं से दूर रहना चाहिए तथा बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। जितना हो सके आकाशीय बिजली की स्थिति में मोबाइल का उपयोग नहीं किया जाए।

# डाकघर अधिनियम 2023 हुआ लागू

राजनांदगांव (दावा)। नागरिक केन्द्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए एक सरल विधायी ढांचा तैयार करने तथा पत्रों के संग्रह, प्रोसेसिंग और वितरण के विशेषाधिकार जैसे प्रावधानों को समाप्त करने वाला डाकघर विधेयक, 2023 प्रभावी हो गया है।




आधिकारिक जानकारी के अनुसार डाकघर अधिनियम, 2023 प्रभावी हो गया है और भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त हो गया है। इससे संबंधित विधेयक को 10 अगस्त 2023 को राज्यसभा में पेश किया गया था और 04 दिसंबर 2023 को राज्यसभा ने इसे पारित किया था। इसके बाद विधेयक पर लोकसभा द्वारा 18 दिसंबर 2023 को पारित किया गया।

अधिनियम को 24 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और इसे सामान्य जानकारी के लिए विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा 24 दिसंबर 2023 को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग दो, खंड 1 में प्रकाशित किया गया था। इसमें किसी तरह का कोई दंडनीय प्रावधान नहीं है और यह वस्तुओं, पहचानकर्ताओं और पोस्टकोड के उपयोग के बारे में निर्धारित मानकों के लिए प्रारूप उपलब्ध करता है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com